हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 29 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 27.2 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री


शनिचरी रपटा के पास शिफ्ट किए गए फल ठेले



## खबर संक्षेप

### कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व सीएम बघेल आज आएंगे



**बिलासपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपनी एक दिन के प्रवास पर 29 दिसंबर को बिलासपुर आएंगे। श्री बघेल दोपहर 2 बजे अपोलो चौक वार्ड नंबर 52 में पिछले 37 दिनों से चल रहे धरना आंदोलन में शामिल होंगे। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता अभय नारायण राय ने बताया कि श्री बघेल दोपहर 2 बजे अपोलो चौक वार्ड नंबर 52 में बैठक लेंगे श्री यहां पहुंचकर पटटा प्राप्त आवास तोड़ने के विरोध में नगर निगम और स्थानीय प्रशासन से न तोड़ने की मांग को लेकर पिछले 37 दिनों से चल रहे धरना आंदोलन में शामिल होंगे। 1 घंटे धरना प्रदर्शन में शामिल होंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे।

### कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की हड़ताल आज से



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर महंगाई भत्ता, चार स्तरीय वेतनमान, 300 दिन का अवकाश नदीकारण सहित 11 सूत्री मांगों को लेकर 29 दिसंबर से 31 दिसंबर तक तीन दिवसीय निश्चित कालीन हड़ताल किया जाना है। जिसे सफल बनाने के लिए विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी 26 दिसंबर को जल संसाधन विभाग, वन विभाग, कृषि विभाग, तहसील कार्यालय, नगर निगम सहित विभिन्न विभागों में कर्मचारी साथियों को निश्चितकालीन हड़ताल में शामिल होने के लिए जनसंपर्क किया गया। सभी अधिकारी कर्मचारियों द्वारा तीन दिवसीय हड़ताल में शामिल होने के लिए आवेदन फॉर्म अपनी कार्यालय प्रमुख को जमा किया है। 29 दिसंबर से 31 दिसंबर तक कर्मचारियों को आह्वान किया गया है कि वह फेडरेशन द्वारा अपनी मांगों को लेकर नेहरू चौक में लगाए गए धरना पंडाल में शामिल होने का अनुरोध किया गया।

# 1154 स्कूलों को 23 करोड़ का आबंटन, अब इसमें खरीदी के लिए राशि की बंदरबांट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

समग्र शिक्षा मिशन की ओर से 1154 स्कूलों को 23 करोड़ 8 लाख का आबंटन किया गया है। इस राशि को वोकेशनल कोर्स की ग्रोथ में खर्च किया जाना है। प्रति स्कूल 2-2 लाख रुपए का आबंटन भी कर दिया गया है। इस राशि को राज्य सरकार तरफ से सीधे स्कूलों के खातों में ट्रांसफर किया गया है और खरीदी भी स्कूल स्तर पर ही होनी है लेकिन अब इसमें गड़बड़ी और बंदरबांट की शिकायत मिलने लगी है। जिला शिक्षा विभाग द्वारा इसमें हस्तक्षेप किया जा रहा है और प्राचार्यों से लिस्ट मंगाते हुए खरीदी जिला स्तर पर करने की बात कही जा रही है। प्राचार्यों द्वारा इसका विरोध तो किया जा रहा है लेकिन वे खुलकर सामने नहीं आ पा रहे हैं।

- **स्कूल स्तर पर खर्च होनी है राशि लेकिन शिक्षा विभाग लिस्ट मांग रहा**



गौरतलब है कि वोकेशनल कोर्स में सामानों की खरीदी को लेकर पहले भी शिकायतें आ चुकीं हैं। ट्रेड के लिए जो सामान भेजा गया था, उसमें कम सामान मिला था। कई जगह पर तो खाली बॉक्स भेजने तक की शिकायतें थीं। इसके अलावा बाजार भाव से कम कीमत पर मिलने वाले टेलीविजन को अधिक कीमत में खरीदकर स्कूलों में सप्लाई कर दिया गया था। सीधे कहें तो वोकेशनल कोर्स से लगातार शिकायतें मिलती रहीं हैं। गौरतलब है कि वोकेशनल कोर्स में राज्य भर के स्कूलों में 15 तरह के ट्रेड चल रहे हैं।

### इन जिलों में जारी हुई है इतनी राशि

सबसे ज्यादा राशि रायपुर जिले में जारी हुई है। यहां 80 स्कूलों के लिए एक करोड़ 60 लाख रुपए मिले हैं। बिलासपुर में 62 स्कूलों के लिए एक करोड़ 24 लाख रुपए मिले हैं तो बलौदाबाजार में 65 स्कूल को यह राशि जारी हुई है। सभी जिलों की बात करें तो हर जिले में लगभग 25-30 स्कूलों को राशि भेजी जा चुकी है। जिसका उपयोग वोकेशनल कोर्स के अलग-अलग तरीके से ग्रोथ पर किया जाना है।

### ट्रेनरों की भर्ती में भी गड़बड़ी

इधर वोकेशनल ट्रेनरों की भर्ती में जो लेनदेन की शिकायतें हैं, वह अब पुलिस जांच में अटक गई है। न तो जांच पूर हो रही है, न ही दोषियों पर कार्रवाई की जा रही है। इस चक्कर में करीब 450 वोकेशनल ट्रेनरों की भर्ती नहीं हो पा रही है। ऐसे में बच्चों को बिना ट्रेनर ही पढ़ाई करनी पड़ रही है।

### होगी मामले की जांच

समग्र शिक्षा से राशि डीईओ के पास भेजी गई है, वहां से इसे स्कूलों में भेजना होता है। खरीदी प्राचार्य ही करते हैं। कौन से जिले ने सामान खरीदने सूची मंगवाई है, बताइए जांच करवा लेते हैं। स्पष्ट गाइडलाइन क्या है इस बारे में भी पता करवा लेते हैं।

**- आरपी आदित्य**
ज्वाइंट डायरेक्टर

# चलती स्कार्पियो में लगी भीषण आग, 5 लोग बाल-बाल बचे





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीती रात कोनी रोड पर चलती स्कार्पियो में आग लग गई, जिससे ड्राइवर ने गाड़ी सड़क किनारे रोक दी। उसमें सवार पांच लोग नीचे उतर गए और आग बुझाने की कोशिश करने लगे। इसी बीच गाड़ी भीषण आग की चपेट में आ गई। दमकल के पानी से आग पर काबू पाया गया। आग से स्कार्पियो जलकर राख हो गई है।

कोनी टीआई भावेश शेंडे ने बताया, शनिवार को कोतमा अनूपपुर निवासी ड्राइवर ध्रुव ताम्रकार पिता ब्रिजभान ताम्रकार 21 साल एक परिवार के चार लोगों को लेकर अपोलो हास्पिटल आए थे। परिचित से मिलने के बाद ड्राइवर चारों को गाड़ी में बैठाकर कोतमा लौट रहा था। देर रात सेंदरी के आगे गाड़ी में जलने की बदबू आने पर ड्राइवर ने सड़क किनारे गाड़ी को खड़े कर दिया और सभी लोग बाहर निकल गए। देखते ही देखते वाहन के इंजन से आग की लपटें बाहर निकलने लगीं। सभी लोगों रेत मिट्टी डालकर आग बुझाने का प्रयास करने लगे। इसी दौरान गाड़ी भीषण आग की चपेट में आ गया। राहगीरों की सूचना पर कोनी पुलिस व एसडीआरएफ की टीम दमकल लेकर मौके पर पहुंच गई और पानी डालकर आग बुझाने में जुट गई। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया है। भीषण आग से गाड़ी पूरी तरह से जल गया है।

# 77 हजार किसान बाकी, 34 दिनों में अब सवा लाख क्विंटल रोज करनी होगी खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर


धान खरीदी के 43 दिन पूरे
केवल 55 हजार किसानों ने ही बेचा धान

धान खरीदी प्रारंभ हुए 43 दिन पूरे हो चुके हैं, लेकिन सहकारी समितियों में धान बेचने वाले किसानों की संख्या बमुश्किल 55 हजार तक ही पहुंच सकी है। जिले में अब भी 77 हजार किसान धान बेचने के लिए कतार में हैं, जिनसे अभी 37 लाख क्विंटल धान खरीदना है। धान खरीदी को अब केवल 34 दिन ही शेष रह गए हैं, जिससे लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रतिदिन सवा लाख क्विंटल धान की खरीदी करनी पड़ेगी।

सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 31 जनवरी तक ही की जानी है। इसके लिए अब केवल 34 दिनों का ही समय शेष रह गया है, जबकि जिले में अभी 77 हजार 177 किसान धान बेचने की कतार में हैं। इन किसानों से अभी 71 हजार 950 हेक्टेयर रकबा अंतर्गत 37 लाख 77 हजार 375 क्विंटल धान की खरीदी की जानी है। ऐसे में यह प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती है। जिले में इस साल 1 लाख 32 हजार 634 किसानों ने धान बेचने के लिए समितियों में अपना पंजीयन कराया है। जिनके 65 हजार 643 हेक्टेयर रकबे का धान ही समितियों तक पहुंच सका है।

### 43 दिनों में केवल 41 प्रतिशत खरीदी

प्रदेश में धान की खरीदी 15 नवंबर से प्रारंभ की गई है। ऐसे में 43 दिनों में अब तक केवल 41 प्रतिशत धान ही खरीदा जा सका है। धान खरीदी 31 जनवरी तक ही की जानी है, जिससे अब केवल 34 दिन ही शेष हैं, जबकि अभी 59 प्रतिशत धान खरीदी शेष है। बड़े किसानों का टोकन नहीं काटना खरीदी के प्रतिशत में कमी के पीछे एक बड़ा कारण हो सकता है।

### बढ़ाई गई है खरीदी की लिमिट

उपार्जन केंद्रों में समय-समय पर आवश्यकतानुसार प्रतिदिन की खरीदी लिमिट को बढ़ाया गया है। आगे भी लिमिट बढ़ाई जाएगी। धान खरीदी की तय समयसीमा तक जिले में खरीदी का लक्षित आंकड़ा प्राप्त कर लिया जाएगा।

**अमृत कुजूर**, खाद्य नियंत्रक

### लगातार बढ़ानी होगी लिमिट

प्रशासन द्वारा प्रत्येक खरीदी केंद्रों में प्रतिदिन धान खरीदी की लिमिट तय की गई है। हालांकि इसे दो बार बढ़ाया गया है, लेकिन यह पर्याप्त साबित नहीं हो पा रहा है। यदि निर्धारित समय पर लक्षित खरीदी का आंकड़ा छूना है तो समितियों में लगातार प्रतिदिन खरीदी की लिमिट को बढ़ानी पड़ेगी। तभी बड़े किसानों का धान समितियों तक पहुंच सकेगा।

## 13 हजार किसानों ने दिखाई दिलेरी, कर दिया रकबा समर्पण

**बिलासपुर।** 43 दिनों की धान खरीदी में ही जिले के 13 हजार से अधिक किसानों ने अपना रकबा समर्पण कर शेष किसानों के सामने एक उदाहरण प्रस्तुत कर दिया है। अब तक किसान बिचौलियों के झांसे में आकर आंशिक लाभ के चक्कर में दूसरों का धान अपने खातों में बेच दिया करते थे, जिससे सरकार को बड़ा नुकसान होता था।

- **बिचौलियों के झांसे में नहीं आ रहे किसान**
- **शासन को होगा लाभ**

अपने खाते में धान की बिक्री के बाद भी शेष बची जगह में कमीशन की लालच में किसी और का धान बेचने की परंपरा पर धीरे-धीरे विराम लग रहा है। प्रशासन की लगातार समझाइश के बाद न केवल किसानों में जागरूकता आ रही है, बल्कि वे बिचौलियों के झांसे में भी नहीं आ रहे हैं। यही कारण है कि किसानों के द्वारा लगातार रकबा समर्पण किया जा रहा है। जिले में अब तक 13 हजार 260 किसानों ने अपना रकबा समर्पण कर दिया है, जबकि धान खरीदी के 34 दिन अब भी शेष हैं। किसानों द्वारा अपने अलावा किसी और का धान अपने खातों में बेचने के कारण उस धान पर भी सरकार को समर्थन कीमत पर भुगतान करना पड़ता था, जिससे सरकार को बड़ा नुकसान होता था। अब किसानों में जागरूकता आने के कारण सरकार को भी होने वाले आर्थिक नुकसान में कमी आ रही है।

### चलाया गया है जागरुकता अभियान

रकबा समर्पण के लिए लगातार जनजागरूकता अभियान चलाए गए हैं, जिससे किसानों में लगातार जागरूकता भी आ रही है। जिले में 13 हजार किसानों के द्वारा किया गया रकबा समर्पण इसी का परिणाम है।

**- अमृत कुजूर**, खाद्य नियंत्रक

## उत्तरी छत्तीसगढ़ में ठंड का कहर शीतलहर से कांप रहा इलाका



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाड़ कंपाने वाली ठंड के आगे सब नतमस्तक हो रहे हैं। शीतलहर और कड़ाके की ठंड का दौर जारी है। रविवार को भी शीतलहर के चलते पूरा इलाका कांप रहा है।

दिसंबर का महीना जाते-जाते सर्द रातों के सितम दे रहा है। शाम होते ही पारा गिरा धीरे-धीरे नीचे जा रहा है, वहीं अल सुबह कोहरे से आसमान भर जाता है। सुबह 9 बजे तक सड़कों पर कोहरे नजर आ रहे है। जिस तरह इस साल बारिश ने रिकार्ड तोड़े है वहीं सर्द हवाओं ने भी सभी तरह के रिकार्ड तोड़ दिए हैं। बीते 10 सालों में इस बार दिसंबर माह सबसे सर्द माह रहा है।

पेंड्रा 7 डिग्री तापमान दर्ज किया गया, वहीं अंबिकापुर में 4.3 डिग्री न्यूनतम तापमान जा चुका है। बिलासपुर में भले ही न्यूनतम तापमान 12 डिग्री दर्ज किया गया है लेकिन 24 घंटे सर्द हवाओं के कारण ठिठुरन बढ़ रही है। हालत यह है कि अलाव जलाने की नौबत आ चुकी है।

### 10 के आसपास रहा न्यूनतम तापमान

दिसंबर के अंतिम सप्ताह में बिलासपुर की ठंड ने लोगों को सुबह और शाम अलाव का सहारा लेने पर मजबूर कर दिया है। मौसम के आंकड़े बताते हैं कि पूरे महीने न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे बना रहा इस दौरान न्यूनतम तापमान 10 के आसपास ही देखा जा रहा है। हालांकि अब कड़ाके की ठंड में धीरे-धीरे नरमी के संकेत हैं, लेकिन अगले एक सप्ताह तक तापमान में उतार-चढ़ाव के साथ ठिठुरन बनी रह सकती है।



## खबर संक्षेप

### श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा सेंदरी ने ठंड से बचने किया कंबल वितरण



**बिलासपुर।** श्री सर्वेश्वरी समूह द्वारा 19 सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत 27 दिसंबर शनिवार को अचानकमार सीमा के अंदर लोरमी ब्लॉक खुड़िया (छपरवा) क्षेत्र के ग्राम सारसडोल, सिवलखार एवं कोटा ब्लॉक के ग्राम करका बैगा पारा एवं नेवसा में कंबल, साड़ी एवं बच्चों के लिए गरम कपड़ा वितरण का किया गया। कार्यक्रम में परम पूज्य अघोरेश्वर भगवान राम एवं परम पूज्य गुरुपद संभव राम के तेल चित्र में माल्यार्पण एवं धूप दीप, पूजन, आरती व जयकारे के पश्चात शाखा के मंत्री उमेशनारायण मिश्रा द्वारा श्री सर्वेश्वरी समूह द्वारा चलाए जा रहे 19 सूत्रीय कार्यक्रम की जानकारियां दी गई। इसके बाद कंबल का वितरण किया गया। अचानकमार सीमा के अंतर्गत पहाड़ी दूरस्थ जंगलों में रहने वाले गरीब बैगा जनजातियों एवं असहाय पहाड़ी कोरवाओं परिवार के महिला, पुरुष एवं बच्चों के बीच कंबल, साड़ी एवं गरम कपड़ो का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में उमेशनारायण मिश्रा, राकेश दीक्षित, संजय सराफ, संजय मालगे, अजय दुबे, अभिजित तिवारी, आंजल मिश्रा, भगवानदास, खेलावन राम धुरव, धर्मेन्द्र श्रीवास, आजूराम मरकाम, दिनेश विश्वकर्मा, कृष्णा तंबोली, शिव यादव, कृष्णकुमार पाण्डेय, आशा मिश्रा, अलका तिवारी, किरण दीक्षित, पूर्णिमा विश्वकर्मा, मधु माण्डेय उपस्थित थे। अचानकमार टाईगर रिजर्व के चीफ कंजरवेटर अभिषेक सिंह, सरिता पैकरा आदि का सहयोग रहा।

### सामाजिक संस्था सुख -दुख के संगवारी ने मोपका में किया कंबल वितरण



**बिलासपुर।** आज सामाजिक संस्था सुख दुख के संगवारी ग्रुप के तरफ से स्मृति वन राजकिशोर नगर, मोपका आदि क्षेत्रों के कुछ जरूरतमंद लोगो को कंबल बांटा गया। जिसमें संस्था के सदस्य पुरुषोत्तम साहू, उमेश साहू, रामायण साहू, महेश साहू,वासु, विजय गुप्ता, विनय कश्यप, मनोज भार्गव, दादू कश्यप आदि सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। सदस्यों का कहना है कि जरूरतमंद लोगो का निरंतर सेवा व सहयोग करना ही हमारा लक्ष्य है।

### मिडटाउन की सदस्यों ने बांटे कुष्ठ आश्रम में गरम कपड़े

**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर मिडटाउन ने हेमूनगर स्थित ब्रह्मविहार कुष्ठ आश्रम में गरम कपड़े एवं फल का वितरण किया। इस गतिविधि में अध्यक्ष आरती साहू, कोषाध्यक्ष रचना ताम्रकार, जोन चेयरपर्सन सुषमा तिवारी, पूर्व अध्यक्ष सावित्री मिश्रा, संध्या पांडेय, वरिष्ठ सदस्य शशि आहूजा, जीत उपवेजा, आरती अम्बष्ट, प्रीति प्रसाद, उषा सलूजा एवं अमरजीत छाबड़ा शामिल रहीं।

### अटल विवि में भ्रष्टाचार का आरोप उच्च शिक्षा मंत्री से मिले छात्र



**बिलासपुर।** उच्च शिक्षा एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के बिलासपुर प्रवास के दौरान अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में हुए भ्रष्टाचार, भर्ती प्रक्रिया तथा टेंडर कार्यों में की गई अनियमितताओं को लेकर उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जांच की जा रही है। जांच के दायरे में विश्वविद्यालय में शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक पदों पर नियम विरुद्ध की गई भर्तियां, टेंडर प्रक्रियाओं में अनियमितताएं तथा जेम पोर्टल से की गई खरीदी में बड़े स्तर पर हुई गड़बड़ियां शामिल हैं। इस मामलों की जांच के लिए हाल ही में अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा संचालनालय के नेतृत्व में गठित समिति द्वारा विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया गया, जिसमें संबंधित दस्तावेजों को विभागीय कार्यवाई करने जब्त किया गया। मुख्य सचिव विकास शील ने जेम खरीदी में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाई करने का सख्त निर्देश दिया था। इसके बावजूद विश्वविद्यालय के जांच में संलिप्त लोगों पर कार्यवाई में हो रही देरी को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। इसी क्रम में आज छात्र प्रतिनिधियों ने उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा से मुलाकात कर शीघ्र ठोस कार्यवाई की मांग की। छात्र प्रतिनिधिमंडल में सूरज सिंह राजपूत ने कहा कि विश्वविद्यालय में अनुशासन बनाए रखने के लिए भ्रष्टाचार तथा मनमानी कार्यप्रणाली में संलिप्त अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाई बहुत आवश्यक है।

### चंद्रमौली शिव मंदिर में अखंड नवधा रामायण, बह रही भक्ति की बयार



**बिलासपुर।** सरकंडा चंद्रमौली शिव मंदिर में अखंड नवधा रामायण में इन दिनों भक्ति की बयार बह रही है। 22 दिसंबर से प्रारंभ इस अखंड नवधा रामायण के पहले दिन आयोजन समिति द्वारा शोभा यात्रा निकाली गई। जो नगर भ्रमण कर वापस कार्यक्रम स्थल पहुंची। शोभायात्रा का जगह- जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। आकर्षक परिधान में सजी श्रद्धालु महिलाओं ने सिर में कलश लेकर नगर भ्रमण किया। सांई बाबा मंदिर लेकर सतबहनिया मंदिर तक भ्रमण किया गया। यात्रा का समापन चंद्रमौली शिव मंदिर में किया गया। इस नवधा रामायण में बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचकर भक्तिरस का पान कर रहे हैं। शहर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों से मानस मंडलिया भगवान राम के विविध लीला का बखान कर भक्तों का मार्गदर्शन कर रही है। संगीतमय मानस गान में देर रात तक लोग यहां परिवार सहित बैठकर प्रभु के गुणगान का आनंद ले रहे हैं।

**जल्द रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश** | निगम की जमीन देखने कारीछापर पहुंचे निगम आयुक्त, 107 खसरों का किया जा रहा सीमांकन

# पं. देवकीनंदन दीक्षित की 77 एकड़ जमीन पर कब्जा, चलेगा बुलडोजर

**बिलासपुर।** सीपत क्षेत्र के कारीछापर गांव में नगर निगम को दान में मिली 77 एकड़ जमीन को देखने निगम कमिश्नर प्रकाश सर्वे कारीछापर गांव पहुंचे। कमिश्नर ने सीमांकन कार्य शीघ्र पूर्ण कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। ज्ञात हो कि कारीछापर में पंडित देवकीनंदन दीक्षित ने सन 1942-43 में ट्रस्ट बनाकर नगर निगम को 76 एकड़ 87 डिसमिल भूमि दान में दी थी। जिसमें कुछ लोगों के द्वारा कब्जा कर लेने की शिकायत मिली है। इस जमीन का सीमांकन कराया जा रहा है जो पिछले सप्ताह भर से जारी है। बीच में उक्त क्षेत्र में हाथी के आमद के बाद सीमांकन कार्य रोक दिया गया था, जिसे फिर से शुरू किया गया है। निगम के मुताबिक कुल 107 खसरों में यह जमीन है जिसका सीमांकन किया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई और प्रक्रिया की जाएगी।

गौरतलब है कि साल 1943 में पंडित देवकीनंदन दीक्षित ने सीपत के पास ग्राम कारीछापर की 76 एकड़ 87 डिसमिल जमीन को तत्कालीन नगर पालिका को दान में दी थी।



पहले इस भूमि का हर 3 वर्ष में नगर निगम की तरफ से धान की खेती करने के लिए इश्तहार प्रकाशन किया जाता था। जिसके बाद गांव में ही अमानत राशि जमा कराकर आम नीलामी की जाती थी लेकिन, बाद में नगर निगम के अधिकारियों ने इस ओर ध्यान देना बंद कर दिया। नतीजा ये हुआ कि करीब 77 एकड़ जमीन के अधिकांश हिस्सों में ग्रामीणों ने कब्जा कर लिया। कुछ लोगों ने यहां मकान भी बना लिए हैं, तो कुछ लोगों ने कब्जा कर दूसरों को जमीन बेंच दी है।

### 42 खसरों की नापजोख पूरी हो चुकी

एक बार फिर नगर निगम ने जमीन को कब्जा मुक्त कराने के लिए सीमांकन की प्रक्रिया शुरू की है। निगम प्रशासन ने 107 खसरों में दर्ज कर इस जमीन का सीमांकन शुरू किया है। अब तक 42 खसरों की नापजोख पूरी हो चुकी है। जबकि शेष खसरों के सीमांकन में अभी और समय लगने की संभावना है। सीमांकन कार्य के लिए एक राजस्व निरीक्षक, सात हल्का पटवारी, नगर निगम के पटवारी, इंजीनियर और पेट्रोलिंग टीम को तैनात किया गया है। ध्यान रहे कि चार साल पहले भी निगम प्रशासन ने जमीन को कब्जा मुक्त कराने के लिए सीमांकन कराया था। इसके बाद भी निगम इसे अपने कब्जे में नहीं ले सका।

### 30 एकड़ से अधिक पर हो चुका है कब्जा

बताया जा रहा है कि, 30 एकड़ से अधिक भूमि पर ग्रामीणों की तरफ से अवैध रूप से मकान बनाकर कब्जा कर लिया गया है। इस दौरान कई आयुक्त बदले, लेकिन आज तक पंडित देवकीनंदन दीक्षित ट्रस्ट की यह दान भूमि अतिक्रमण मुक्त नहीं हो सकी। अब प्रशासन सीमांकन के जरिए जमीन की स्पष्ट पहचान कर आगे की कार्रवाई की तैयारी में जुटा है। अफसरों का दावा है कि जमीन का सीमांकन कराने के बाद अवैध कब्जाधारियों को नोटिस देकर बुलडोजर चलाकर इसे खाली कराया जाएगा।

विधायक अटल ने कहा -मनरेगा योजना का नाम बदलकर गरीबों का हक मार रही केंद्र सरकार

# मनरेगा का नाम बदला, सड़क पर उतरी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रोजगार गारंटी योजना का नाम बदले जाने पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी एक द्वारा सत्यम चौक पर केंद्रीय सरकार के खिलाफ सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया गया।

विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा है कि केंद्र की सरकार अब गरीब मजदूरों के हक को मार रही है। मनरेगा में गारंटी पूरी करने के बजाय रोजी मजदूरी कम की जा रही है। मोदी सरकार जब से केंद्र में है 100 दिन का रोजगार देश के गरीब मजदूरों को नहीं मिला है। देश की गरीब जनता से 125 दिन रोजगार देने का झूठा वादा केंद्र की सरकार कर रही है। नई-नई योजना बनाकर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को गुमराह कर रही है। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुधांशु मिश्रा ने कहा है कि रोजगार गारंटी योजना केंद्र में कांग्रेस शासन काल में जो शुरू हुई थी उसे केंद्र की सरकार ने बंद कर दिया और योजना बदलकर केंद्र सरकार ने इस योजना का नाम जी राम जी कर दिया है। इसके विरोध में कांग्रेस अब सड़क पर उतरी।



धरना-प्रदर्शन में शामिल कांग्रेस नेता विधायक अटल श्रीवास्तव सहित अन्य।

पूर्व अध्यक्ष विजय केसरवानी विजय पांडे ने कहा है कि कांग्रेस शासन काल में देश के हित में जो योजनाएं बनाई गई थी उसे धीरे-धीरे केंद्र की मोदी सरकार बंद कर रही है । ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जावेद मेमन की अगवाई की अगवाई में सत्यम चौक पर धरना देकर मनरेगा योजना का नाम बदले जाने पर विरोध प्रदर्शन किया। जिसमें विधायक अटल श्रीवास्तव, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुधांशु मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष विजय केशरवानी, विजय पांडेय, पूर्व महापौर रामशरण यादव, अभय नारायण, नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप, महेश दुबे, सीमा धितेश. समीर अहमद, देवेंद्र सिंह बाटू , रामा शंकर बघेल स्वप्निल शुक्ला,गौरव एरी, स्वर्ण शुक्ला, राजकुमार तिवारी, सीताराम जायसवाल, सुभाष ठाकुर ,शारदा नागरकर, नंदनी ठाकुर, अहमद खान,भरत जोशी, रिजवान खान रमजान गौरी मोहम्मद अयाज, हर्मेंद्र शुक्ला,शांतनु मेश्राम, वकार खान,अलावा काफी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद थे।

# भाजयुमो ने फूंका कांग्रेस नेताओं का पुतला



**बिलासपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं सनातन विरोधी का आज प्रदेश भर में पुतला दहन किया। कांग्रेस पार्टी के नेता हमेशा सनातन धर्म और साधु-संतो का अपमान करते रहे हैं। इस दौरान भाजयुमो जिला अध्यक्ष ग्रामीण ऋषभ चतुर्वेदी ने कहा कि सनातन धर्म का विरोध पूर्व मुख्यमंत्री के साथ कई कांग्रेसी नेताओं ने किया है।

कांग्रेस नेता अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा एवं पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का विरोध कर रहे है। उन्होंने कहा कि रामसेतु की जब बात आई तब कांग्रेसियों ने कहा कि यह काल्पनिक है, भगवान राम को कांग्रेसियों ने काल्पनिक कहा। राम मंदिर बनने और आमंत्रण मिलने के बाद भी गांधी-परिवार दर्शन करने नहीं गया। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने हमारे मान-बिंदुओं को लगातार अपमानित किया हैं, हमारे साधु-संतों का अपमान किया हैं। भाजयुमो बिलासपुर शहर जिलाध्यक्ष वैभव गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस नेताओं द्वारा लगातार ऐसी बयान बाजी की जा रही है जिससे जनमानस की भावनाएं आहत हो रही है। उन्हें अपने इस कथन के लिए क्षमा मांगनी चाहिए। आज के पुतला दहन कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह,भाजपा जिला महामंत्री बिलासपुर ग्रामीण जनक देवांगन, एस कुमार मनहर,भाजपा जिला मंत्री द्वय प्रणव शर्मा, निखिल केशरवानी,भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष गौरी गुप्ता प्रदेश मंत्री सन्नी केशरी, ऋषभ चतुर्वेदी, वैभव गुप्ता, अंकुर सिंह, ललित यादव, आलिंद तिवारी, आयुष ठाकुर, दीपक यादव, तुषार चंद्राकर,महर्षि बाजपेयी,देवेश खत्री,मुकेश राव, नितिन छाबड़ा, रितेश अग्रवाल,विवेक ताम्रकार, केतन सिंह, नितिन पटेल, इंशू गुप्ता, अंचल दुबे, पंकज जायसवाल, अमर राजपूत, शिवराज साहू, आयुष यादव, सोनू साहू, अरुण रजक, यश गोरहा,उदित सिंह,वैभव तंबोली,रूपेश चौबे आदि मौजूद थे।

## सरकण्डा ब्लॉक कांग्रेस ने किया विरोध-प्रदर्शन



केन्द्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का नाम बदल कर विकसित भारत रोजगार गारंटी एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी- जी राम जी) योजना करने एवं केंद्र राज्य वित्तीय हिस्सा 60 अनुपात 40 करने के विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी 3 सरकण्डा द्वारा ब्लॉक अध्यक्ष विनोद साहू की अगुवाई में सुभाष चौक सरकण्डा में भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध - प्रदर्शन किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष विनोद साहू ने कहा कि मनरेगा कोई साधारण योजना नहीं है, यह कांग्रेस की वह सोच है जिसने गरीब मजदूर के भूखे हाथों को काम दिया और सम्मान के साथ रोजगार को अधिकार बनाया। मनरेगा का नाम बदलना सरकार की उस नफ़रत और असहजता का सवाल है, जो भाजपा और संघ की राजनीति को महात्मा गांधी और कांग्रेस की विरासत से है। नाम बदलकर और संरचना में बदलाव कर केन्द्र सरकार गरीब मजदूर वर्ग को आर्थिक संकट में डाल रही है। विरोध प्रदर्शन में शहर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष विजय पाण्डेय, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद साहू, सुजीत मिश्रा, रामप्रकाश साहू, विनय पाण्डेय, महेतराम सिंगरौल, राजकुमार यादव आदि मौजूद थे।

## ग्रामीणों का रोजगार छीन रही केंद्र सरकार



भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना का नाम बदलने व योजना के मूल ढांचे में परिवर्तन करने से कांग्रेस पार्टी पूरे देश में विरोध प्रदर्शन कर रही है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तिफरा द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया। केंद्र सरकार के ख़िलाफ़ जमकर नारेबाजी करते हुए मनरेगा में किए गए परिवर्तन को वापस लेने की मांग की। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मीनाथ साहू ने कहा कि महात्मा गांधी के नाम पर क्रियान्वित इस योजना का नाम बदला जाना राष्ट्रपिता का अपमान है। मनरेगा योजना से ग्रामीणों को 100 दिवस का रोजगार प्राप्त होता था जिसका पूरा भुगतान केन्द्र सरकार करती थी, किंतु केंद्र सरकार ने योजना में परिवर्तन करते हुए 40 प्रतिशत भुगतान राज्य सरकारों पर थोप दिया है जिससे राज्यों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। केंद्र सरकार इस जनकल्याणकारी योजना को समाप्त करना चाहती है। कांग्रेसियों ने भाजपा को केवल योजनाओं के नाम बदलने वाली सरकार बताया। इस प्रदर्शन में तिफरा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मीनाथ साहू, पार्षद पुष्पेंद्र साहू, मंडल अध्यक्ष अजय मनहरे, संत सर्वे, पवन साहू, राजेश साहू, महेश ठाकुर, राकेश यादव, सुनील पांडेय, रामायण रजक, रामकुमार मनहर आदि उपस्थित रहे।

## बीजेपी सदस्यों ने सुनी मोदी के मन की बात



**बिलासपुर।** नगर विधायक अमर अग्रवाल के दिशा निर्देश पर रविवार 28 दिसंबर को सत्संग भवन वार्ड क्रमांक 35 जूना बिलासपुर में समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं वह नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 129 वीं मन की बात सुनी। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वर्ष 2025 के आखिरी मन की बात कार्यक्रम में इस साल भर की उपलब्धियों पर चर्चा की। इसके अलावा पीएम मोदी ने कई मुद्दों पर अपनी राय भी दी। उन्होंने सबसे बड़ी चिंता एंटीबायोटिक के उपयोग पर जताई। बिना डॉक्टर के सलाह के यह दवाइयां खाने लगे हैं , प्रधानमंत्री ने आग्रह किया कि किसी भी तरह की दवाई डॉक्टर की सलाह के बिना ना खाएं। उन्होंने कहा इस साल ऑपरेशन सिंदूर ने हर भारतीयों को गर्व करवाया 2025 में खेलों में भारत की उपलब्धि की बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा इस साल पुरुष क्रिकेट टीम ने आईसीसी चैंपियन ट्रॉफी जीती व महिला टीम ने पहली बार वर्ल्ड कप अपने नाम किया है भारत ने साइंस और स्पेस के क्षेत्र में भी इस वर्ष बड़ी छलांग लगाई है। इस अवसर पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष अजीत सिंह भोगल, मध्य मंडल अध्यक्ष देवेंद्र पाठक, दीपक साहू जोन 5 अध्यक्ष रंगनादम, आशीष गुप्ता , पार्षद शिव प्रताप साव, कीर्ति वर्धन गुप्ता, अवनीश साव, विनय निर्मलकर, राजीव गुप्ता, प्रकाश मिश्रा, प्रदीप शुक्ला, वीरेंद्र शाह, जगजीत जिज्ञासी, शंकर अहिरवार आदि मौजूद थे।

## हिन्दु सम्मेलन में मानस महिला मंडल की महिलाओं दी भजन गीत की प्रस्तुति

**बिलासपुर।** नेहरू नगर बिलासपुर में 27 दिसम्बर को आयोजित हिन्दु सम्मेलन में मानस महिला मंडल की महिलाओं ने भजन गीत की प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम, भारतमाता की आरती, थाली सजावट प्रतियोगिता आदि में उत्साहपूर्ण भाग लिया। हिन्दु सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा आयोजित इस समारोह में डॉ पुष्पा दीक्षित, अक्षय अलकरी, वेदप्रकाश अग्रवाल व वसन्ती वर्मा ने वक्ता के रूप में भाग लिया।



## सम्मान समारोह में शामिल हुए डा. तिवारी



**बिलासपुर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के 100 वर्ष पूरे होने पर गुजरात के अहमदाबाद शहर में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व डॉ विनोद तिवारी ने किया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विशिष्ट अतिथि गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल थे। आईएमए के अध्यक्ष के रूप में अहमदाबाद के अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ अनिल नायक ने पदभार ग्रहण किया। कल के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंटरनेशनल क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष जय शाह एवं विशिष्ट अतिथि गुजरात विधान सभा के अध्यक्ष श्री चौधरी थे। छत्तीसगढ़ को इस बार 5 राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। इसमें बेस्ट इमर्जिंग स्टेट, बेस्ट न्यूज़ बुलेटिन एवं व्यक्तिगत पुरस्कार विजेता डॉ प्रभात पांडे, डॉ अरुण गोवर्धन और डॉ राजू भैसारे को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पुरस्कार वितरण समारोह में डॉ विनोद तिवारी, डॉ अनूप वर्मा, डॉ प्रभात श्रीवास्तव, डॉ राजू भैसारे, डॉ अरुण गोवर्धन , शाहदिल खुसरो,देवेंद्र कश्यप,मुकेश साहू ,शिवेंद्र शुक्ला,तुषार ओगले आदि शामिल थे।

कई स्कूलों में तो सिलेबस 40 फीसदी भी पूरा नहीं हुआ, बोर्ड परीक्षाएं 10 फरवरी से शुरू होंगी

# बोर्ड परीक्षा का कोर्स आधा भी नहीं हुआ, 10 वीं-12 वीं के छात्रों को अपने रिजल्ट की चिंता सता रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

10 वीं और 12 वीं बोर्ड परीक्षाएं 10 फरवरी से शुरू हो रहीं हैं। इसकी तैयारियां अंतिम चरणों में है। एक जनवरी से प्रैक्टिकल परीक्षाएं भी शुरू हों जाएंगी, लेकिन इधर सिलेबस आधा भी नहीं हुआ है।

शिक्षकों के साथ ही प्राचार्यों और करीब पौने 6 लाख छात्रों की परेशानी बढ गई हैं। इसमें 10वीं में लगभग 3.28 लाख और 12वीं में लगभग 2.40 लाख छात्र शामिल हैं। इन छात्रों को अपने रिजल्ट की चिंता है। सभी मान रहे हैं कि समय पर पाठ्यक्रमों को पूरा करने की बड़ी चुनौती होगी। इधर एसआईआर में भी बड़ी संख्या में शिक्षकों की ड्यूटी लगाए जाने से परेशानी बढ़ी। कई स्कूलों में तो सिलेबस 40 फीसदी भी पूरा नहीं हुआ है। स्कूलों की यह परेशानी जब अधिकारियों तक पहुंची तो उन्होंने कहा कि एक्सट्रा क्लास लगाकर पढ़ाई पूरी कराएं। सत्र की शुरुआत में शिक्षकों की हड़ताल और इसके बाद उनके तबादलों की वजह से पढ़ाई प्रभावित हुई है। स्कूल के प्राचार्यों ने बताया कि शिक्षकों की कमी से कोर्स काफी पीछे है। छात्रों को वैकल्पिक व्यवस्था के तहत अध्यापन कराया जा रहा है। शिक्षकों के गैर शिक्षकीय कार्यों में नियोजित होने के कारण भी पढ़ाई प्रभावित हुई। ध्यान रहे कि बीते वर्षों तक यह परीक्षा एक मार्च से शुरू होकर 28 मार्च तक चलती थी।

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी समय-सारणी के अनुसार इस बार बोर्ड परीक्षा बीते वर्षों की तुलना में 10 दिन पहले शुरू होगी। इसके कारण स्कूल प्रबंधन को परीक्षा से पहले कोर्स पूरा कराने की चुनौती का सामना करना पड़ेगा। समय-सारणी के अनुसार हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा वर्ष 2026 के नियमित, स्वाध्यायी अथवा तृतीय अवसर वाले 12वीं के छात्रों की परीक्षा 20 फरवरी से शुरू हो जाएगी, जो 18 मार्च तक चलेगी।

इसी तरह हाई स्कूल सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा वर्ष 2026 के नियमित, स्वाध्यायी अथवा तृतीय अवसर वाले 10वीं के छात्रों की परीक्षा 21 फरवरी से शुरू हो जाएगी। यह परीक्षा 13 मार्च तक चलेगी। देखा जाए तो हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों में विषय-विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी अब भी बनी हुई है।

### एक दशक बाद प्रश्नपत्र का ब्लूप्रिंट जारी

गौरतलब है कि लहगभग एक दशक बाद बोर्ड ने नया प्रश्नपत्र का ब्लूप्रिंट लागू किया है। ज्ञात हो कि बोर्ड परीक्षा में ब्लूप्रिंट उस योजना को कहा जाता है जिसमें यह तय होता है कि, प्रश्नपत्र में किस प्रकार के प्रश्न होंगे, किस यूनिट/अध्याय से कितने अंक के प्रश्न आएंगे, वस्तुनिष्ठ, लघु उत्तरीय, और दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों का प्रतिशत क्या होगा, कुल प्रश्नों की संख्या, कठिनाई स्तर का संतुलन कैसा होगा। नया ब्लूप्रिंट लागू होने का अर्थ यह है कि बोर्ड ने प्रश्नपत्र की पूरी संरचना में बदलाव किए हैं. जैसे, प्रश्नों की संख्या में परिवर्तन। कई अध्यायों के वेटेज (अंक वितरण) में बदलाव और नए प्रकार के प्रश्न शामिल हैं।

### गणित विषय में भी होगा प्रैक्टिकल

नए ब्लूप्रिंट के अनुसार इस साल गणित के विषय में भी प्रेक्टिकल या प्रोजेक्ट का प्रावधान शामिल किया गया है. अब तक गणित विषय की परीक्षा में थ्योरी रहती थी। लेकिन अब गणित को भी थ्योरी और प्रैक्टिकल में बांटा गया है। गणित विषय में थ्योरी की परीक्षा 70 से 75 और प्रेक्टिकल परीक्षा के 25 से 30 अंकों के होने की जानकारी दी गई है। शिक्षक भी इसी के अनुसार बच्चों की तैयारी करवा रहे हैं। शिक्षकों के मुताबिक ब्लूप्रिंट में यह तय हो जाता है कि किस चैप्टर से या किस यूनिट से कितने प्रश्न पूछे जाएंगे। ब्लूप्रिंट के हिसाब से तैयारी करने पर अनावश्यक समय बर्बाद नहीं होता, बच्चों का समय बचता है, तैयारी अच्छी होती है।

### समय पर पूरा होगा सिलेबस

अधिकांश स्कूलों में सिलेबस समय पर पूरा करा लिया जाएगा। जहां कोर्स पिछड़ने की जानकारी मिल रही है, वहां वैकल्पिक व्यवस्था के तहत अध्यापन कराया जा रहा है। शिक्षकों के गैर शिक्षकीय कार्यों में नियोजित होने के कारण पढ़ाई थोड़ी तो प्रभावित हुई है।

- विजय तांडे, जिला शिक्षा अधिकारी



महोत्सव

## गायक कलाकारों ने दी भजनों की प्रस्तुति



**बिलासपुर।** श्री झूलेलाल चालीहा महोत्सव के 35वें दिन जसुजा परिवार ने धुनी का आयोजन किया। इस दौरान रीवां मध्यप्रदेश के मशहूर सिंगर गोलू ने भजन एवं बाबा गुरमुख दास सेवा समिति रायपुर के भक्त की छोटी बेटी ने भजन पर नृत्य किया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान झूलेलाल, बाबा गुरमुख दास की फोटो पर पुष्प अर्पण व आरती कर की गई। अनिल पजवानी, गौरव ने भक्ति भरे भजन गाया। निखिल उपाध्याय, भाटापारा से आए दो पंडितों ने श्याम खाटू दरबार सजाया। संत सांई लाल दास व धरमू जसूजा ने विधि विधान के साथ पूजा की। रायगढ़ के मशहूर सिंगर शिवम वैष्णव व पलाश शर्मा ने खाटू श्यामजी के एक से बढ़कर एक भजनों की शानदार प्रस्तुति दी। शुरुआत गणेश वंदना से की गई। हनुमानजी के भजन गाए गए। रामजी की धुनी की गई। कृष्णजी का भजन गया गया। भजनों के माध्यम से बताया गया कि यदि हनुमानजी, उनकी भक्ति व शक्ति को पाना है तो राम का नाम जपना होगा। राम का नाम जपने से हनुमानजी खुश होंगे। दर्शन भी देंगे। उन्होंने बताया कि जहां-जहां रामायण कथा होती है, वहां वहां हनुमानजी खुद सूक्ष्म रूप में उपस्थित होकर राम कथा का श्रवण करते हैं। जहां राम का नाम जपा जाता है वहां हनुमानजी की कृपा बरसती है। आखिर में पल्लव पाया गया। प्रार्थना कर प्रसाद वितरण किया गया। आम भंडारा का आयोजन किया गया।

# प्रकाश पर्व पर पंज प्यारों के साथ नगर कीर्तन निकला



सेन्ट्रल गुरुद्वारा गोड़पारा द्वारा श्री गुरू गोबिन्द सिंह साहिब महाराज के प्रकाश पर्व पर भव्य नगर कीर्तन शहर में निकला, दयालबंद गुरूद्वारा से प्रारंभ होकर कीर्तन जूना बिलासपुर से होते हुए गोलबाजार, से होकर गोड़पारा सेन्ट्रल गुरूद्वारा पहुंचा। सोमवार से तीन दिवसीय भजन-कीर्तन व लंगर बरताया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

29 दिसंबर को सुबह भाई अनमोलप्रीत सिंह हजुरी रागी जत्था, भाई जसपाल सिंह और संध्या को बच्चों का प्रोग्राम रखा गया है। 30 दिसंबर को ज्ञानी सोहन सिंह, मनीदर सिंह, भूपिन्दर सिंह द्वारा कीर्तन होगा। 31 दिसंबर का को अटूट लंगर बरताया जाएगा। श्री गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश उत्सव पर विशाल नगर कीर्तन श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की छत्रछाया में सजाया गया। इस नगर कीर्तन का नेतृत्व पांच प्यारे कर रहे थे। नगर कीर्तन में संगत बड़ी गिनती में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के आगे नतमस्तक हुई और गुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया। नगर कीर्तन का स्वागत नौजवानों की तरफ से फूलों की वर्षा से किया गया। नगर कीर्तन में कीर्तनी जत्थे ने श्री गुरु गोविंद सिंह के जीवन के बारे में संगत को बताया और कीर्तन कथा विचारों द्वारा संगत को निहाल किया।







आयोजन

## भारत की उन्नति के लिए हिंदुओं को संगठित होना आवश्यक



**बिलासपुर।** यदुनंदन नगर बस्ती में वृहद हिंदू सम्मेलन समिति द्वारा आयोजित हिन्दू सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में महंत रामरूप दास महात्यागी पीठाधीश रामाश्रय हरिहर क्षेत्र मदकु ने कहा कि हिंदू एकता सदैव भारत वर्ष के लिए आवश्यक रही है। हिन्दू समुदाय सर्व धर्म सम्मान व आपसी भाईचारे के साथ विश्व कल्याण की भावना के साथ काम करता है। अध्यक्षता करते हुए डॉ संजना तिवारी ने बताया कि कैसे एक मां अपने परिवार को एकजुट रखने व समाज में नई पीढ़ी को भारत माता की सेवा में अपनी भूमिका निभा सकती है। हिंदू सम्मेलन को सफल बनाने विभाग संघ चालक राजकुमार सचदेव, नगर संघचालक प्रदीप शर्मा, बस्ती प्रमुख नीरज यादव सहित 7 सौ से अधिक लोग उपस्थित रहे।



# माता-पिता को वृद्धाश्रम में न रख कर करें उनकी सेवा : आचार्य महासेन

**बिलासपुर।** त्रिवेणी डेंटल कॉलेज के प्रवचन में आचार्य श्री महासेनसुरी ने कहा कि धर्म के बिना सुख-शांति नहीं है। धर्म से सुख शांति मिलती जाएगी। माता-पिता को वृद्ध आश्रम में न रख कर उनकी सेवा करें। उनके उपकार हमारे जीवन में सबसे ज्यादा और सबसे ऊपर है।

आचार्यश्री ने कहा कि मानव को जन्म मिला, महावीर का धर्म मिला। इंसान दूसरों के लिए नहीं अपने सुख के लिए बहुत मेहनत करता है। सुख के लिए स्वर्ग तो दुख के लिए नर्क है। भगवान ने मां-बाप की भक्ति करने बताया है, उसे करना चाहिए। धन कितना भी मिले लेकिन धर्म नहीं मिला तो किसी काम का नहीं है। इंसान को जीने की कला सीखनी चाहिए।

मुनिश्री सिद्ध सेन विजय राज ने अपने प्रवचन में कहा कि जन्मों व मरण की वेदना शास्त्रों में बताई गई है। हमें अपने जीवन पर विचार कर आने वाले भव का विचार करना चाहिए । हमको समय, शक्ति, संपत्ति मिली है लेकिन इसका उपयोग हम कहां कर रहे हैं, कैसे कर रहे हैं इसके बारे में सोचना चाहिए। समय का रिवर्स और ब्रेक नहीं होता है। समय चला गया वह वापस नहीं आएगा। हम जैसा करनी करेंगे वही भरनी होगी। जितना समय सामायिक स्वाध्याय में गया है वह जीवन सही है।



**ये लोग ले रहें श्रवण लाभ :** इस अवसर का लाभ समाज के वरिष्ठ विमल चोपड़ा, नरेंद्र मेहता, सुभाष श्रीश्रीमाल, भगवान दास सुतारिया, सुरेंद्र मालू, संजय छाजेड़, संजीव चोपड़ा, तुषार मेहता, कुणाल भयानी, विनोद लुनिया, श्री जंदानी, गोपाल वेलाणी, शुभचंद, अलका बाफना, मनीष शाह, किशोर देसाई, गौरव डाकलिया, निकिता गोलछा, चंदन, संगीता चोपड़ा, ललिका मालू, किरण, सारंग चोपड़ा, अमरेश जैन सहित अन्य सकल जैन समाज के सदस्य ले रहे हैं।



### आज विहार कर पहुंचेंगे महाराणा प्रताप चौक

29 दिसंबर सोमवार को त्रिवेणी डेंटल कॉलेज से सुबह 5 बजे विहार कर महाराणा प्रताप चौक पहुंचेंगे। जहां सकल जैन समाज के सदस्यों द्वारा भव्य अगुवानी की जाएगी। नेहरू नगर स्थित समाज के संरक्षक विमल चोपड़ा के निवास स्थान में पहुंचकर पगलिया करेंगे। फिर वहां से विहार कर सामुदायिक भवन नर्मदा नगर पहुंचेंगे। जहां पौने 8 बजे से प्रवचन होगा। सकल जैन समाज, श्री जैन श्वेतांबर श्रीसंघ के पदाधिकारी एवं सदस्यों के साथ श्रावक-श्राविका आचार्य गुरु भगवंतो के विहार, आहार, अगुवानी में शामिल हो रहे हैं। आचार्य भगवंत पूज्यश्री महासेन सूरी महाराज आदि ठाणा 4 और साध्वीजी आदि ठाणा 19 नागपुर में चातुर्मास संपन्न करने के बाद रविवार सुबह त्रिवेणी डेंटल कॉलेज बिलासपुर आगमन हुआ। आचार्य भगवंत पैदल विहार कर बिलासपुर से वाराणसी बनारस जाएंगे। आचार्य भगवंत एवं साध्वीजी प्रतिदिन 15 से 18 किलोमीटर का विहार कर रहे हैं जो सुबह 5 बजे से प्रारंभ होता है। समाज के सदस्य भगवंतों की गोचरी, पानी की व्यवस्था का लाभ ले रहे हैं।

# भगवान हनुमान की ही कृपा है इस स्तुत्य कार्य में : अमर

**बिलासपुर।** संस्कार भारती जिला इकाई, हनुमान महापाठ समिति एवं साईं माउली परिवार बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में हनुमान चालीसा अर्थ एवं प्रेरणा पर केंद्रित 45 चित्रों की अनुपम प्रदर्शनी का समापन समारोह अमर अग्रवाल नगर विधायक के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। अध्यक्षता रामरूपदास महात्यागी रामाश्रय हरिहर क्षेत्र मदकुद्वीप ने की। मुख्य अतिथि ने कहा कि इस स्तुत्य कार्य के पिछे भगवान हनुमान की ही कृपा है।

ई राघवेंद्र राव सभा भवन में आयोजित इस समारोह में अतिथि नगर विधायक श्री अग्रवाल, अध्यक्ष श्री रामाश्रय, विशिष्ट अतिथि पूजा विधानी महापौर, पी.एन. कुड़े उप महाप्रबंधक एसईसीएल भू व राजस्व बिलासपुर, त्रिलोक चंद्र श्रीवास प्रांताध्यक्ष सर्व सेन नाई समाज का अक्षत रोली, उपवस्त्र से स्वागत के बाद अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस बीच अखिलानंद पाण्डेय एण्ड समूह शुभम विहार बिलासपुर ने सामूहिक सुंदर कांड, हनुमान चालीसा का पाठ कर आरती की। श्री अग्रवाल ने कहा कि हनुमानजी के बिना प्रेरणा के यह संभव नहीं था। दोनों चित्रकारों ने ये स्तुत्य कार्य निश्चित रूप से उनकी कृपा से ही किया है। अध्यक्षता कर रहे रामरूपदासजी ने कहा कि भगवान हनुमान बल, बुद्धि और चेतना को जागृत करने वाले थे और यही भाव प्रत्येक चित्र में हमें प्रेरणा दे रही है। श्री श्रीवास ने कहा कि हनुमानजी भक्त शिरोमणि थे, जो राम को अपना आराध्य मानकर आगे बढ़े और उनके सारे कार्य सिद्ध होते चले गए। हनुमानजी हमें अनुशासन और जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। श्री कुड़े ने कहा कि प्रत्येक चित्र में कला साधकों की परिकल्पना, उनकी निष्ठा समर्पण और परिश्रम साफ दिखाई दे रही है। प्रदर्शनी के सूत्रधार दिलीप दिवाकर पात्रीकर ने कहा कि इस पांच दिवसीय प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों ने इन चित्रों के मर्म को जाना, नगर एवं आसपास से बड़ी संख्या में लोगों का अपार स्नेह इस प्रदर्शनी को सार्थक बनाने में मिला।



**इनका सम्मान :** समापन समारोह पर संस्कार भारती ने चित्रकार दिलीप दिवाकर पात्रीकर, साधना गर्दे, हनुमान महापाठ समिति के मनोज भंडारी, प्रदर्शनी को व्यवस्थित करने वाले चंद्रभान मनहरे, दिनेश दिवाकर, वीरेंद्र जांगड़े का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया।



धर्म-क्षेत्र

## हवन, पूजन, भंडारा के साथ भागवत कथा का समापन



**बिलासपुर।** संत नामदेव भवन नूतन चौक में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का समापन हवन, पूजन, भंडारा के साथ हुआ। अयोध्या से आईं प्रवचन कर्ता विदुषी श्रीजी पयासी ने भगवान कृष्ण और बाल सखा सुदामा के मिलन का वर्णन किया। विधायक अमर अग्रवाल तथा महापौर पूजा विधानी ने भागवत कथा का श्रवण पाठ किया। कथावाचिका श्रीजी पयासी से महापौर तथा विधायक ने आशीर्वाद प्राप्त किया। कथावाचक ने अतिथियों को सम्मानित किया। अंतिम दिन रविवार को हवन, पूजन के साथ भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा में सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। चार धाम की यात्रा के वापस आने के बाद लखन लाल, सुलोचना नामदेव ने भागवत कथा का आयोजन किया था। इस मौके पर श्याम साहू, आंचल दुबे, चंदू मिश्रा, लखन लाल नामदेव, सुलोचना, अमित, करुणा, आलोक, श्रेया नामदेव, अनामिका, राकेश, शिवशंकर लाल वर्मा, दर्शित, पुष्प लता नामदेव सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। कथावाचिका ने सुदामा-कृष्ण मिलन की कथा सुनाते हुए कहा कि जैसे ही द्वारपाल ने भगवान कृष्ण को बताया कि उनके बाल सखा उनसे मिलने आए हैं दरवाजे पर खड़े हैं। भगवान कृष्ण दरबान से इतना सुनते ही नंगे पैर अपने बाल सखा से मिलने पहुंचे और अपने बचपन के मित्र सुदामा से गले मिलते ही रो पड़े।

**विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 41 हजार 111 का नकद पुरस्कार दिया जाएगा**

स्पोटर्स न्यूज

# सोसाइटी प्रीमियर लीग फ्लड लाइट क्रिकेट का फाइनल मैच आज

फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में आयोजित सोसाइटी प्रीमियर लीग फ्लड लाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का आज 29 दिसंबर को फाइनल मैच खेला जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

समापन समारोह में अतिथि के रूप में शहर के प्रसिद्ध उद्योगपति अमोलक सिंग भाटिया, तखतपुर के विधायक विधायक धर्मजीत सिंह, कोटा विधानसभा के विधायक अटल श्रीवास्तव, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, महापौर पूजा विधानी, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष रजनीश सिंह ठाकुर, अपेक्स बैंक के पूर्व अध्यक्ष बैजनाथ चंद्राकर, कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री अर्जुन तिवारी, बीडीए के पूर्व अध्यक्ष अनिल टाह, निगम के पूर्व सभापति अशोक विधानी, तखतपुर जनपद के अध्यक्ष श्रीमती पूजा मक्कड़ की मौजूद रहेंगे।

टीम को विजेता टीम को सोसाइटी प्रीमियर लीग ट्रॉफी के साथ ही 41 हजार 111 रुपए का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। नेता टीम को उपविजेता टीम को ट्रैफिक के साथी 21 हजार 111 रुपए नगद पुरस्कार दिया जाएगा। सोसाइटी प्रीमियर लीग के समापन समारोह पर मैन ऑफ़ द सीरीज मैन ऑफ़ द मैच बेस्ट फील्डर बेस्ट विकेट कीपर फेयर प्ले अवार्ड, बेस्ट ड्रेस कोड टीम , ऑरेंज कप पर्पल कैप को पुरस्कृत किया जाएगा। मैन आफ द सीरीज का पुरस्कार पाने वाले खिलाड़ी को स्पोर्ट्स साइकिल प्रदान की जाएगी।





### दो मैच खेले गए

सेमीफाइनल में पहले बल्लेबाजी करते हुए क्रिश्चियन समाज ने 89 रन बनाया। बंगाली समाज के खिलाड़ियों का 90 रन का लक्ष्य दिया। क्रिश्चियन समाज के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुऐ 65 रन पर ढेर कर दिया। क्रिश्चियन समाज की टीम पहले सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल मैच ठाकुर समाज और सिंधी समाज की टीम के बीच खेला जाएगा। और जो टीम जीतेगी फाइनल में प्रवेश करेगी। शाम 6 बजे तीसरे स्थान के लिए मैच खेला जाएगा। प्रतियोगिता में अतिथि के रूप में नगर निगम के पूर्व सभापति शेख नसरुद्दीन शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुधांशु मिश्रा, पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश बाजपेई, नई दुनिया के संपादक सुनील गुप्ता, सीएमडी कॉलेज के चैयरमेन संजय दुबे, डॉक्टर राजीव भांजा, राहुल नेभानी, महेंद्र गंगोत्री, संदीप श्रीवास्तव, डॉक्टर चंद्रशेखर उईके, विजय पांडे, मनोज भंडारी, राजेश पांडे, समीर अहमद मनीष अग्रवाल ने स्व शेख गफ्फार को श्रद्धांजलि देते हुए खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

## खबर संक्षेप

### मार्केटिंग सोसायटी गौरेला को किया गया पुरस्कृत



**गौरेला।** गौरेला सहकारी विपणन मार्केटिंग संस्था पेंड्रारोड को राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम की ओर से राज्य में सर्वोत्तम विपणन सहकारी संस्था की श्रेणी में उत्कृष्ठ कार्य निष्पादन एवं योगदान प्रदान करने हेतु पुरस्कृत किया गया। रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहकारिता सचिव सीआर प्रसन्ना ने गौरेला सहकारी विपणन मार्केटिंग संस्था पेंड्रारोड को यह पुरस्कार प्रदान किया। पुरस्कार के रूप में प्रमाण पत्र के साथ 25 हजार का चेक भी प्रदान किया गया। समिति के प्राधिकृत अधिकारी आरपी कोरी एवं समिति प्रबंधक धारा सिंह राठौर ने पुरस्कार ग्रहण किया। कार्यक्रम कुलदीप शर्मा उपायुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं छत्तीसगढ़, किंचित जोशी क्षेत्रीय प्रबंधक एनसीडीसी व केएन कांडे प्रबंध संचालक अपेक्स बैंक की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

### एलोरा नेचुरल सीड्स ने किया किसानों का सम्मान



**देवरी-मुंगेली।** राष्ट्रीय किसान दिवस पर एलोरा नेचुरल सीड्स संभाजी नगर की ओर से किसानों का सम्मान किया गया। राष्ट्रीय किसान दिवस के उपलक्ष्य में एलोरा नेचुरल सीड्स कंपनी के एमडी किशोर वीर की संकल्पना से हर वर्ष की भांति 23 से 31 दिसंबर तक किसान सम्मान सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम देवरी में प्रगतिशील किसान विजय पटेल के एलोरा, पालक, पत्ता, मूली और एलोरा शिवनेरी मिर्ची के खेत, प्लॉट पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एलोरा नेचरल सीड्स परिवार की ओर से किसान भाइयों का स्वागत और सम्मान किया गया। कार्यक्रम में कंपनी के राम नगरकर, अनंत शिंदे, फलेश्वर बंजारा, मां शक्ती कृषि केंद्र और अतिथि सरपंच नीलम पटेल, उपसरपंच प्रभूजीत सिंग, ग्राम देवरी प्रगतिशील किसान विजय पटेल, रामचंद पटेल, मोहन पटेल, सुरेन्द्र पटेल, बेदराम पटेल, मनहरण देवांगन, संगवा, सुरदा, देवगांव, देवरी के कृषक उपस्थित थे। उपस्थित किसान भाइयों को शाल और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कंपनी के राम नगरकर ने एलोरा कंपनी के प्याज, मक्का और विभिन्न सब्जियों के बीजों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

### सर्वकुर्मी युवा वर्ग के अध्यक्ष बने हरेंद्र



**लोरमी।** ग्राम पैजनिया धान मंडी परिसर में सर्व कुर्मी समाज युवा वर्ग की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिसमें निम्नलिखित विषयों पर चर्चा कर सर्व सहमति से सर्व कर्मी युवा समाज के पदाधिकारियों चयन किया गया। जिसमें हरेन्द्र चन्द्राकर को अध्यक्ष चुना गया।वहीं उपाध्यक्ष उत्तम कश्यप, महासचिव मुरली दीनाकश्यप, कोषाध्यक्ष भुनेश्वर कश्यप, उपकोषध्यक्ष आकाश कश्यप, मीडिया प्रभारी मुकेश कश्यप, सचिव जितेंद्र कश्यप को नियुक्त किया गया। साथ ही रामगोपाल कश्यप, शिवकुमार कश्यप, पूर्णानंद कश्यप, मनीष कश्यप, गजानंद, अशोक कश्यप, जितेन्द्र, नेहरु चंद्राकर, कमलेश कश्यप, देवनाथ कश्यप, विनोद चंद्राकर, गोपाल चन्द्राकर, लव, रमाकांत को संरक्षक बनाया गया। वहीं सलाहाकार के रूप में ताम्रध्वज कश्यप, राधेश्याम कश्यप, रमेश गोलू कश्यप, लक्ष्मीनारायण कश्यप, श्रवण कश्यप, निर्मल कश्यप, निर्मल कश्यप, राजू चंद्राकर, शिवप्रसाद कश्यप, सुरेश, सतीश कश्यप को चुना गया।

### स्वास्थ्य शिविर में 120 लोगों ने कराया उपचार



**लोरमी।** नगर पालिका क्षेत्र में निजि स्कूल की ओर से निशुल्क सामुदायिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 120 लोग लाभान्वित हुए। आयोजन ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों में लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य जांच, दवाइयां और परामर्श उपलब्ध कराने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है, जिसमें विभिन्न बीमारियों की पहचान, योग सत्र और स्वास्थ्य जागरूकता पर जोर दिया जाता है। मेडिकल टीम के साथ डाक्टर व स्कूल स्टाफ ने कार्यक्रम को सफल बनाया
इस मौके पर डॉ नाथू बाबु जायसवाल, डॉ सतीश जायसवाल, बुधराम डडसेना, कांग्रेस महामंत्री कृष्णा कुमार सोनी, पायल सोनी, मिंटू छाबड़ा, सचिव मुकेश कश्यप,जीवन साहू, एडवोकेट प्रिया जायसवाल, पार्षद सोहन डडसेना, लक्ष्मी गुप्ता, विवेकानंद महिलांग, डॉक्टर तुलेश कुर्रे, डॉक्टर रवि जायसवाल, अशोक जायसवाल, अभिजीत सिंह, पंकज ठाकुर, भूपेंद्र सिंह, अभिलाष जायसवाल श्रद्धा मिश्रा आदि मौजूद थे।

## लक्ष्य से दूर हो रही जल जीवन मिशन योजना

### कछुआ चाल से हो रहा पानी टंकी का निर्माण

# घर-घर में लगी नल की टोंटी पर नहीं आ रहा पानी

**सेतगंगा/मुंगेली।** केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन योजना अपने लक्ष्य से दूर नजर आ रही है। लोगों को स्वच्छ पेयजल मुहैया कराने केन्द्र सरकार द्वारा हर घर नल, हर घर जल प्रदाय करने जलजीवन मिशन योजना की शुरूआत की है। योजना के अंतर्गत सभी को 2024 तक हर घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने सरकार की योजना थी लेकिन 2025 खत्म होने मे कुछ ही दिन शेष है ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या 2024 तक केन्द्र सरकार कि मंशा हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के दावे के बीच अंचल में यह योजना दम तोड़ती नजर आ रही है।

नलों से हर घरों में शुद्ध पेयजल पहुंचाने का वादा किया गया था, उन्ही टोटी पर लोग मवेशी बांध रहे हैं। आज भी अधिकतर जगहों पर टंकी का निर्माण कार्य कछुआ चाल में हो रहा है। योजना के तहत गांव-गांव में पाईप लाईन बिछा दी गई है और घर-घर में नल की टोंटी लगा दी गई है। लेकिन इन नलों से आज भी एक बूंद पानी नहीं निकला है। कुछ ग्रामीणों का कहना है कि पानी नहीं मिला तो क्या हुआ, कम से कम मवेशी बांधने के ही काम आ रही है। लगभग 4 साल बीत जाने के बाद भी ये नल सूखे खंभो के तरह खड़े है। नल जल योजना के तहत हर घर सरकारी नल लगाने की घोषणा सुन ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ी थी, लेकिन ठेकेदारों की लापरवाही ग्राम पंचायत मुखिया एवं उच्च अधिकारियों की उदासीनता ने इस योजना का मजाक बना दिया है। सरकार ने मुक्त नल कनेक्शन तो दे दिया है। लेकिन बिना पानी के ये नल किस काम के। आखिर जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधी कब जागेंगे। ग्राम सेतगंगा के सूखे नल, सरकारी वादो की सच्चाई और लापरवाही की कहानी खुद ही बया कर रही है। ग्राम सेतगंगा के कन्हैया गुप्ता, डॉ. रामजी शर्मा, रमाकांत सोनी, बिचारपुर हेमंत आहिरे, शुक्लाभांठा दादूराम गबेल, नागोपहरी कल्याण



आहिरे, बीजातराई दिनेश राजपूत, मनोहर गबेल, तरवरपुर नमकलाल भास्कर का आरोप है कि केन्द्र सरकार की बहुप्रतीक्षित योजना विभागीय गलतियों की वजह से दम तोड़ने लगी है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि विभाग इतना निष्क्रिय हो गया है कि ग्रामीण क्षेत्र में हेंडपंप खराब होने की सूचना के बाद त्वरित सुधार नहीं हो पाता।

#### 126 पंचायतों में टंकी निर्माण अधूरा

पंचायत मुंगेली में 126 ग्राम पंचायतों में चल रहे अधिकतर पानी टंकी निर्माण कार्य आज पर्यन्त आधा अधूरा पड़ा हुआ है। जिन ग्रामो में टंकी निर्माण पूर्ण हो चुका है वहां लोग पानी पहुंचने का इंतजार कर रहे हैं। कई ग्रामों में तो टंकी निर्माण हुए दो से तीन साल बीत गए हैं लेकिन अब तक नल में पानी नहीं पहुंचा है। गांवों में अगल-अलग समस्या कई ग्रामों में बने टंकी के गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्राम पंचायत कंचनपुर, तालम, विचारपुर, तरवरपुर, मुडपार सहित लगभग 40 ग्राम पंचायत में लगभग 3-4 साल से पानी सप्लाई शुरू नहीं हो पाया है। वही कई गांव में नई पानी टंकी एवं पाईप लाईन कनेक्शन उदासीनता की भेट चढ़ गई है। ग्रामवासियों ने पानी टंकी व पाईप कि गुणवत्ता पर प्रश्न चिन्ह लगा रहे हैं।

#### लोकार्पण से पहले टंकी में सीपेज

कई पानी टंकी निर्माण लोकार्पण के पहले सिपेज शुरू हो गया है। सिपेज के साथ साथ सिढ़ियों में जगह जगह क्रेक हो गया है जिससे बड़ी दुर्घटना की आशंका से इंकार नही किया जा सकता। कई ग्राम पंचायत में ठेकेदारो द्वारा पाइप लाइन बिछाकर पैसा निकाल लिया गया है। टंकी निर्माण आज भी अधूरा पड़ा है। जिसको लेकर ग्रामीण में काफी आक्रोश व्याप्त है, कई ठेकेदार द्वारा पाइप लाइन के लिए गलियों को खोद कर पाइप लाइन के लिये खोदे गड्ढों को कांक्रीट नहीं किया गया है जिसके चलते लोग आये दिन दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं।

## रासेयो समाज और राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम



**सीपत।** अय्यूब खान उमा विद्यालय मचखंडा में आयोजित सातदिवसीय विशेष रासेयो शिविर का समापन समारोह प्रेरणादायी वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस समन्वयक त्रिलोक श्रीवास उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उच्चभट्टी सरपंच नारायण साहू ने की। साथ ही अति विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रसिद्ध कवि मीर अली मीर, बंशीधर मिश्रा, महेंद्र कुमार बेजुबां एवं सेवक राम साहू की उपस्थिति ने कार्यक्रम को साहित्यिक ऊंचाई प्रदान की। साथ ही विद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी पुलस्त सर, सहायक कार्यक्रम अधिकारी मानिकपुरी सर, राज सर, यादव सर, अंजली मैडम एवं नंदनी मैडम सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी एवं स्वयंसेवक मौजूद रहे। मुख्य अतिथि त्रिलोक श्रीवास ने कहा कि, रासेयो केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम है। जब युवा गांव की समस्याओं को समझ कर समाधान की दिशा में काम करते हैं, तभी वास्तविक परिवर्तन संभव होता है। उन्होंने नशा मुक्ति, स्वच्छता और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ युवाओं की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। सात दिवसीय शिविर के दौरान रासेयो स्वयंसेवकों ने नशा मुक्ति अभियान, स्वच्छता एवं जन-जागरूकता अभियान, नुक्कड़ सभाएं, बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर निरंतर कार्यक्रम आयोजित किए। इन गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों को सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक किया गया और सकारात्मक संदेश दिया गया। समापन अवसर पर आयोजित कवि सम्मेलन ने पूरे वातावरण को भावनात्मक और प्रेरणादायी बना दिया। उक्त जानकारी विद्यालय के प्रबंध संचालक इदरीश खान ने दी।

## जुनवानी में लगा देवांगन स्कूल का रासेयो शिविर



**मल्हार।** बद्री प्रसाद देवांगन मध्यनगरीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का ग्राम जुनवानी में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन समारोह गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। शिविर के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में दामोदर कांत, सदस्य जिपं बिलासपुर तथा जपं सदस्य ज्वाला प्रसाद बंजारे मौजूद रहे। साथ ही शुभदा सेवा संस्था मल्हार के अध्यक्ष शिव प्रताप साव, सचिव अवधेश नापित, विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार वैष्णव, बालमुकुंद वैष्णव, डॉ राजकुमार खूंटे एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी करुणेश कुमार नापित की भी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि विधायक दिलीप लहरिया ने कहा कि, एनएसएस जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को समाज सेवा से जोड़ते हैं, और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। विशिष्ट अतिथियों ने भी विद्यार्थियों द्वारा किए गए सेवा कार्यों की सराहना की। इस दौरान पर छात्र-छात्राओं ने भक्ति गीत, जस गीत, कर्मा गीत, सामाजिक संदेश से परिपूर्ण नाटक एवं नुक्कड़ नाटक सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। उपस्थित अतिथियों व ग्रामीणों ने तालियों से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## हिंदू युवा मंच ने लगाया निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**तखतपुर।** हिंदू युवा मंच तखतपुर की ओर से विशाल निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य रूप से लीवर जांच, शुगर जांच, सिकल सेल, खून एवं पेशाब की जांच की गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभु श्रीराम, भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना के साथ की गई। इस दौरान तखतपुर के सभी वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल से डॉक्टर समर्थ शर्मा, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर श्रीकांत गिरी और उनकी टीम ने लोगों की जांच कर उनको परामर्श प्रदान किया। शिविर में सभी समाज के प्रमुखों की ओर से सहयोग प्रदान किया गया। इस अवसर पर कोमल सिंह ठाकुर ने कहा कि, हिंदू युवा मंच का संकल्प है, सेवा, सुरक्षा, संस्कार के तहत काम करना। इसी उद्देश्य के साथ निशुल्क जांच सिविर लगाया गया। इस दौरान 137 लोगों ने अपने लीवर की जांच फाइब्रोस्कैन मशीन के माध्यम से करवाई और 200 लोगों की शुगर व यूरिक एसिड की जांच की गई। इस अवसर पर



नपा अध्यक्ष पूजा मक्कड़, उपाध्यक्ष गौरी अजय देवांगन, कोमल सिंह ठाकुर, गलीराम प्रजापति, अनुरुद द्विवेदी, विवेक पाण्डेय, भागवत साहू, त्रिलोक बग्गा, मुन्ना श्रीवास, नैनलाल साहू, अजय यादव, अनिल सिंह, दिनेश राजपूत, अमित मंदानी, ज्ञान सिंह, दीपक वैष्णव, रोशन सिंह, सूरज सिंह, विशाल विश्वकर्मा, ओमकार सोनी, रिंकू सोनी, ईश्वर ठाकुर, प्रमोद अग्रवाल, मीना ठाकुर ,शकुन ठाकुर, सुनील जांगड़े, पूजा बबलू गुप्ता,

## भाजपा उत्तर मंडल आईटी सेल संयोजक बने घनश्याम



**लोरमी।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने विधानसभा के सोशल मीडिया एवं आईटी सेल के संयोजक पदाधिकारियों का नियुक्ति आदेश जारी किया, जिसमें लोरमी विधानसभा सोशल मीडिया संयोजक मुकेश साहू, आईटी सेल संयोजक अभिषेक पाठक, उत्तर मंडल आई टीसेल संयोजक घनश्याम यादव, सह संयोजक आशीष वर्मा, देवेंद्र विश्वकर्मा, किरण साहू, देवरहट मंडल के ललित सिंह ठाकुर, कलेश्वर साहू, विजय निषाद, गोड़खाम्ही से घनेश्वर चन्द्राकर, कोमल चन्द्राकर, डिंडौरी से देवप्रसाद यादव, रघुवीर साहू को नियुक्ति किया गया है।

## नवनियुक्त युकां पदाधिकारियों की पहली बैठक

**पेंड्रा।** युवा कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष की ओर से हाल ही में गठित नई कार्यकारिणी के नवनियुक्त पदाधिकारियों का प्रथम परिचय एवं सम्मान समारोह सह कार्यकारिणी बैठक रविवार को कांग्रेस कार्यालय पेंड्रा में आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत में कांग्रेस के 141वें स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी की स्थापना, उसके उद्देश्य और ऐतिहासिक महत्व पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे। इसके पश्चात कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर देशव्यापी आंदोलन के तहत मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाए जाने के विरोध एवं गरीब मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए 'मनरेगा बचाओ अभियान' की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य में धान खरीदी के दौरान किसानों को हो रही परेशानियां, सड़कों की जर्जर स्थिति, ग्राम पंचायतों में 15वें वित्त की राशि का भुगतान नहीं होने तथा जिला



अस्पताल में अव्यवस्थाओं के कारण मरीजों को हो रही समस्याओं जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में संगठन की मजबूती के उद्देश्य से प्रत्येक माह 5 तारीख को तीनों ब्लॉक प्रमुखों की बैठक एवं 12 तारीख को जिला युवा कांग्रेस की नियमित बैठक आयोजित कर कर संगठनात्मक कार्यों की मासिक समीक्षा करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमन शर्मा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को पार्टी के प्रति निष्ठा एवं सक्रिय भूमिका निभाने की शपथ दिलाई। बैठक के अंत में उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया। बैठक में पूर्व जिला इध्यक्ष उत्तम वासुदेव, नपा अध्यक्ष राकेश जालान, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष विद्या राठौर, पूर्व पेंड्रा ब्लॉक अध्यक्ष प्रशांत श्रीवास, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक शर्मा सहित महिला कांग्रेस, यूथ कांग्रेस एवं कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## बालक टेबल टेनिस रैंकिंग प्रतियोगिता



**लोरमी।** जिला टेबल टेनिस संघ के तत्वधान में एक दिवसीय आयु 13 वर्ष, 15 वर्ष एवं 17 वर्ष जिला रैंकिंग बालक टेबल टेनिस चैंपियनशिप का आयोजन खेल केंद्र में आयोजित किया गया।

प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में जिला टेबल टेनिस संघ उपाध्यक्ष विजय अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि संरक्षक नितेश अग्रवाल एवं आयोजन प्रमुख सुबोध कुमार सिंह उपस्थित थे। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक मुकेश सिंह राठौर, निर्णायक हीरेन्द्र कुमार डहरिया एवं हामेश कुर्रे रहे। विजयी प्रतिभागी- 13 वर्ष बालक वर्ग में प्रथम स्थान तुषारांशु ध्रुव, द्वितीय सागर टंडन, तृतीय शिवम टंडन, चतुर्थ हिमेश कुमार, पांचवां आद्विक ध्रुव, छठवां सुधीर कुमार एवं सातवां स्थान शेखर जोशी ने हासिल किया। इसी तरह 15 वर्ष बालक वर्ग में प्रथम स्थान विकाश कुमार, द्वितीय विजय कुमार एवं तृतीय स्थान सोहन कुमार ने प्रप्त किया। 17 वर्ष बालक वर्ग में प्रथम स्थान विनय कुमार एवं द्वितीय स्थान पर जितेंद्र कुमार साहू रहे। सभी विजेताओं को ट्रॉफी, टेबल टेनिस बैट, बॉल, मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## कांग्रेस राजनीतिक पार्टी ही नहीं, एक मजबूत विचारधारा: वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिले में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 140वां स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस के इतिहास, संघर्ष और उपलब्धियों को याद करते हुए पार्टी के संस्थापकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में सबसे पहले पार्टी का ध्वज फहराया गया, इसके बाद कांग्रेस के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान पर प्रकाश डाला गया। जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने कहा कि, यह हम सभी के लिए गर्व की बात है कि, हम उस पार्टी के अंग हैं, जिसने देश की आजादी की लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभाई। कांग्रेस केवल एक राजनीतिक पार्टी ही नहीं, बल्कि एक मजबूत विचारधारा है, जिसने लोकतंत्र, संविधान और सामाजिक न्याय को



मजबूती प्रदान की है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएं और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर लोरमी, डिंडौरी क्षेत्र के लोगों ने बड़ी सख्या में कांग्रेस की सदस्यता ली। कार्यक्रम में वक्ताओं ने वर्तमान परिस्थितियों में कांग्रेस की भूमिका पर भी चर्चा करते हुए कहा कि, आज भी पार्टी आमजन के अधिकारों, किसान, मजदूर, युवा और महिलाओं की आवाज बनकर संघर्ष कर रही है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस को मजबूत करने और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संजीत बनर्जी, थानेश्वर साहू, दिलीप बंजारा, चंद्रभान बारमते, श्याम जायसवाल, हेमेन्द्र गोस्वामी, रोहित शुक्ला, धनुष सेन, नरेश पाटले, पुरूषोत्तम मार्को, उर्मिला यादव, मंजू शर्मा, हेमिन मंगेश्कर, बिंदु यादव, निधी पौराणिक, ललीता सोनी, अनिता विश्वकर्मा, अभिलाष, अशोक चंद्राकर, देवेन्द्र वैष्णव, आनंद सोनी, इंद्रजीत कुर्रे, दीपक गुप्ता, संजय जायसवाल, सागर सोलंकी, लक्की गर्ग, जाकिर हुसैन, खेमसिंह बघेल, जलेश यादच, भूपेन्द्र साहू, सालिक बंजारा, आयुष ठाकुर, कृष्णा सोनी, मुकेश मिरी, खेमु साहू आदि मौजूद थे।

### उत्साह के साथ मनाया गया कांग्रेस का स्थापना दिवस



**पेंड्रा।** जिला महिला कांग्रेस एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पेंड्रा के संयुक्त तत्वावधान में कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवस बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के गौरवशाली इतिहास, विचारधारा तथा देश की आजादी से लेकर लोकतंत्र की मजबूती में दिए गए कांग्रेस के योगदान का स्मरण किया गया। वक्ताओं ने कहा कि, कांग्रेस पार्टी हमेशा से सामाजिक न्याय, समानता और जनहित के मुद्दों को लेकर संघर्ष करती रही है, और आगे भी आम जनता की आवाज बनकर काम करती रहेगी। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष उत्तम वासुदेव, नपा अध्यक्ष राकेश जालान, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत श्रीवास, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष विद्या राठौर, व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मनीष केसरी, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री जलेश सिंह, महिला ब्लॉक अध्यक्ष शहाना बेगम, मंजू सिंह, पूर्व पार्षद श्वेता मिश्रा, पूर्व पार्षद प्रेमवती कोल, पार्षद पारस चौधरी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष जयदत्त तिवारी आदि मौजूद थे।

### उत्साह के साथ मनाया गया कांग्रेस स्थापना दिवस



**तखतपुर।** कांग्रेस स्थापना दिवस पर नगर के पुराना बस स्टैंड में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जिला अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री शामिल हुए। महेंद्र गंगोत्री ने कहा कि, केंद्र की भाजपा सरकार महात्मा गांधी की इस कदर विरोधी है कि, उनके नाम से संचालित गरीबों को रोजगार देने वाली मनरेगा का नाम भी बदल रही है, और इसे भी धार्मिकता का रंग देने पर तुली हुई है। लेकिन जनता सब समझ रही है और इसका परिणाम भी उन्हें भुगतना पडेगा। नगरपालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़ ने कहा कि, वर्तमान में देश को जिस मजबूत स्थिति पर हम सभी देख रहे हैं, इसमें कांग्रेस का ही योगदान है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र पांडेय ने कहा कि, केवल योजना का नाम बदल देने से कुछ नही होता। कांग्रेस की सरकार ने इस योजना को गरीबों लोगों को रोजगार देने के लिए लागू किया था, और इससे देश में करोड़ों लोगों को रोजगार और काम मिला। कार्यक्रम को शिवबालक कौशिक, पूर्व विधायक जगजीत सिंह मक्कड़, अजय सिंह ठाकुर, बिरझेराम सिंगरौल, बिसाहू राम कश्यप, अभ्यूदय तिवारी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बिहारी देवांगन एवं आभार प्रदर्शन अमित साहू ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य शिवेंद्र कौशिक, मुन्ना श्रीवास, अजय देवांगन, बिरझेराम सिंगरौल, टेकचंद कारड़ा सहित अन्य मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### पल्लवी ने उत्तीर्ण की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा



**भरीडांड़।** मरवाही विकासखंड की ग्राम पंचायत बरगवां निवासी पल्लवी राय पिता पूर्व व्यख्याता प्रकाश चंद राय कृषि विस्तार विषय में कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल 'एएस आरबी' की ओर से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में सफलता अर्जित कर अपने माता-पिता व जिले का मान बढ़ाया है। प्रकाश चंद राय ने जानकारी दी कि, वर्तमान में पल्लवी राय इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर से कृषि विस्तार विषय में पीएचडी कर रही हैं। पल्लवी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है।

### सहकारी विपणन संस्था सरगांव को प्रथम पुरस्कार

**सरगांव।** सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार की ओर से बुधवार 24 दिसंबर को रायपुर में आयोजित सहकारी विकास निगम के कार्यक्रम में सहकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु सहकारी विपणन संस्था मर्यादित सरगांव को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार ग्रहण संस्था प्रबंधक महावीर कौशिक ने किया। अवॉर्ड के साथ शील्ड प्रशस्ति पत्र एवं 35 हजार की राशि प्रदान की गई।

### किसानों ने सुनी पीएम मोदी की मन की बात

**सरगांव।** किसान मोर्चा राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर एवं प्रदेश किसान मोर्चा के अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर के आह्वान पर किसान मोर्चा जिला मुंगेली के अंतर्गत बूथ क्रमांक 96-97 ग्राम पंचायत सांवा में किसानों ने प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का 129वां एपिसोड सुनी। इस दौरान किसान टिफिन बैठक का भी आयोजन किया गया, जिसमें वरिष्ठ किसानों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किसान मोर्चा एवं जिला मुंगेली के प्रभारी रिजवान हक, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा रामधुन साहू, सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष दुकालहा साहू, सरपंच रामशीला राजपूत, बूथ अध्यक्ष रामनारायण राजपूत, बोधराम राजपूत, नारायण साहू, जंतराम साहू, राजेश्वर राजपूत, चित्रकान राजपूत, विशाल राजपूत, रामचंद्र राजपूत, दया राजपूत, माया यादव, दसरथ ध्रुव आदि भाजपा कार्यकर्ता किसान एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

### सात दिवसीय रासेयो शिविर संपन्न



**मुंगेली।** शासकीय उमा विद्यालय छटन की ओर से आयोजित सात दिवसीय रासेयो शिविर का समापन समारोह ग्राम डिंडोरी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एडी अंचल, विशिष्ट अतिथि नरेंद्र साहू व मनीष साहू ने प्रत्येक दिन शिविर में आयोजित गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम अधिकारी मोहन उपाध्याय ने बताया कि, राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना 24 सितंबर 1869 को गांधी जी के जन्म शताब्दी वर्ष पर किया गया था। इस अवसर पर एडी अंचल, शोभा साहू, प्रिया साहू, अंजू राम सप्रे, मुनष साहू, शोभाराम साहू, विमल साहू, ऋतुराज, सरपंच इंद्राणी, तामसीह मरावी, छत्रपाल रामावतार ममता पटेल सहित अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

## निधन

### आलिया खान



**बिलासपुर।** सिद्ध शिखर अपार्टमेंट शांति नगर निवासी आलिया खान का 28 दिसंबर को निधन हो गया। वे 13 साल की थीं। उन्हें 29 दिसंबर को दोपहर डेढ़ बजे मरीमाई कब्रिस्तान में सुपुर्देखाक किया जाएगा। वे ईदू खान की पुत्री थीं।

### सैयद नासिर अली



**बिलासपुर।** राजेंद्र नगर निवासी सैयद नासिर अली का 28 दिसंबर को निधन हो गया। वे 53 वर्ष के थे। सोमवार 29 दिसंबर को शाम 4 बजे रहमत बाग कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्दे खाक किया जाएगा। वे शमशेर अली के पुत्र और सैयद साहिल अली के पिता थे।

### कमला यादव



**पथरिया।** नगर के वार्ड क्रमांक 12 चोरभट्टी निवासी कमला यादव का 77 वर्ष की आयु में शनिवार को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार नगर के स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे कुंजबिहारी, शेषनारायण, हरनारायण यादव की माताजी एवं नीरज, मोनू, नितिश व सोनू यादव की दादी थीं।

## अतिरिक्त भार यात्रियों की जेबों पर

# स्लीपर-एसी का नया किराया यात्रियों पर पड़ा अतिरिक्त भार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरुवार की देर रात 12 बजे के बाद स्लीपर और एसी का बढ़ा हुआ किराया आरक्षण कार्यालय और आईआरसीटीसी की वेबसाइट की बुकिंग में लागू कर दिया गया है, जिसमें अब यात्रियों की जेब पर 5 रुपए से लेकर 30 रुपए तक का अतिरिक्त भार पड़ रहा है।

रेलवे के नए आदेश के अनुसार 215 किलोमीटर की द्वितीय श्रेणी की साधारा यात्रा के किराए को यथावत रखते हुए उपनगरीय सेवाओं, सीजन टिकिट की यात्रा में किसी तरह की वृद्धि नहीं करने का निर्णय लिया गया है। 25 दिसम्बर यानि गुरुवार की देर रात 12 बजे के बाद से यात्री किराया ढांचे को युक्तिसंगत बना दिया है। साधारण द्वितीय श्रेणी में 215 किलोमीटर तक यात्राओं के लिए किराए में कोई वृद्धि नहीं है, जिससे कम दूरी और दैनिक यात्रियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। 215 किलोमीटर से 750 किलोमीटर तक की दूरी के लिए किराया पांच रुपए बढ़ाया गया है। इससे अधिक दूरी के सफर के लिए वृद्धि चरणबद्ध तरीके से लागू की गई है, जिसके तहत 751 किलोमीटर से 1250 किलोमीटर के बीच की दूरी के लिए 10 रुपए, 1251 किलोमीटर से 1750 किलोमीटर के बीच की दूरी के लिए 15 रुपए और 1751 किलोमीटर से 2250 किलोमीटर की दूरी के लिए 20 रुपए लगेंगे। स्लीपर श्रेणी साधारण और प्रथम श्रेणी साधारण में गैर उपनगरीय यात्राओं के लिए किराए में प्रति किलोमीटर एक पैसे की दर से एकसमान संशोधन किया गया है, जिससे किराए में क्रमिक और सीमित वृद्धि सुनिश्चित हुई है। मेल, एक्सप्रेस ट्रेनों में नॉन एसी और एसी दोनों श्रेणियों के किराए में 2 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोत्तरी की गई है, इसमें स्लीपर क्लास, फर्स्ट क्लास, एसी चेयरकार, एसी थ्री टियर, एसी टू टियर और एसी फर्स्ट क्लास शामिल है। आरक्षण शुल्क, सुपरफास्ट अधिभार या अन्य सहायक शुल्कों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

यह सभी मौजूदा नियमों के अनुसार ही लागू रहेंगे। जीएसटी की प्रयोज्यता अपरिवर्तित रहेगी और किराए में प्रचलित मानदंडों के अनुसार किराया का पूर्णाकन जारी रहेगा। संशोधित किराया 25 दिसम्बर की रात 12 बजे के बाद लागू किया गया है, जिसे आरक्षण कार्यालय के साथ आईआरसीटीसी की बुकिंग में शुरु कर दिया गया है।




### क्रिस ने किया फीड

आरक्षण कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार रेल प्रशासन ने 26 दिसम्बर शुक्रवार से नया किराया लागू करने का पत्र जारी किया था, जिसका पत्र मिलने के बाद इसकी कम्प्यूटर में फीडिंग का इंतजार किया जा रहा था। 25 दिसम्बर की रात 12 बजे इस नई किराए राशि को क्रिस ने कम्प्यूटर में फीड कर दिया है। इसके बाद 1 हजार किलोमीटर से अधिक की दूरी तक जाने वाली ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों को 20 से 30 रुपए अतिरिक्त राशि लग रही है।

## अनियंत्रित होकर पलटी 40 यात्रियों से भरी बस

# आधा दर्जन से अधिक घायल, दो की हालत गंभीर

**लोरमी।** कोटा-लोरमी मुख्य मार्ग पर ग्राम खपराखोल में देर रात एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें करीब 40 लोग सवार थे। हादसे में लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए, जिसमें दो का हालत गंभीर है।

घायलों को लोरमी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां गंभीर रूप से घायल दो महिलाओं को मुंगेली जिला अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने देर रात पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जूनापारा चौकी क्षेत्र अंतर्गत कोटा-लोरमी मार्ग पर ग्राम खपराखोल में शनिवार देर रात 1.30 से 2.00 बजे जुनेजा बस सीजी 16 एच 0109 अनियंत्रित होकर पलट गई। बस में 25 महिला 15 पुरुष सहित कुल 40 लोग सवार थे। बताया जा रहा है कि, बस में सभी मुस्लिम समाज के लोग सवार थे, जो बिलासपुर से लोरमी के ग्राम सेमरिया जा रहे थे। घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां मामूली रूप से घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। वहीं गंभीर रूप से घायल अब्दुल हसीम 35 साल और जरीन खान जिसकी 17 साल को मुंगेली जिला अस्पताल रेफर किया गया। चौकी प्रभारी जूनापारा संजीव ठाकुर ने बताया कि वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर मामले की जांच किया जा रहा है।





### अपहरण कर युवक की हत्या, 5 के खिलाफ जुर्म दर्ज



मृतक

**तखतपुर।** बदमाशों ने एक युवक का अपहरण कर उसके साथ बेरहमी से मारपीट की, जिसमें उसकी मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू की एवं प्रारंभिक जांच के आधार पर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है प्राप्त जानकारी के अनुसार पुराने विवाद के चलते शुक्रवार 26 दिसम्बर को चार-पांच बदमाश युवक राजकुमार धुरी 20 वर्ष का अपहरण कर उसके साथ जमकर मारपीट की। बदमाशों ने युवक को गंभीर हालत में उसके घर के सामने फेंक दिया एवं अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी छोटू साहू, रवि, पिंटू साहू, चिंटू साहू, कान्हा पटेल, समीर उर्फ बफरीन कोशले सहित एक अन्य के खिलाफ धारा 140,1 103,2 61,2ए के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई शुरू की।

### ट्रेक्टर पलटने से चालक की मौत

**तखतपुर।** खेत की जोताई कर लौट रहे ट्रेक्टर का इंजन पलटने से चालक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरदी निवासी आकाश कौशिक पिता जुगल कौशिक उम्र 20 वर्ष कृषि कार्य के लिए ट्रेक्टर लेकर खेत गया हुआ था। खेत की जोताई कर वापस लौटते समय ट्रेक्टर का इंजन खेत की मेड़ पर चढ़ गया और अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक गिरकर ट्रेक्टर के नीचे आ गया एवं दबने के कारण बुरी तरह से जख्मी हो गया।आनन-फानन में उसे उपचार के लिए तत्काल स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया।



## प्राथमिक शाला के शिक्षकों को एफएलएन का प्रशिक्षण

**तखतपुर।** विकासखंड के प्राथमिक शाला के शिक्षकों को चरणवार तीन जोन तखतपुर, गनियारी, सकरी में एफएलएन नवीन पाठ्यपुस्तक आधारित प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का अवलोकन एससीईआरटी की राज्य स्तरीय टीम के सदस्य रीता मंडल, खुशबू दास ने किया। टीम ने प्रशिक्षण ले रहे शिक्षकों से सीधे संवाद कर नवीन पाठ्यपुस्तक की विशेषताओं और शिक्षण पद्धतियों पर विस्तृत चर्चा की। दल ने न केवल नवीन पाठ्यक्रम के बारीकियों को साझा किया, बल्कि नवाजतन, परख, परीक्षा पे चर्चा जैसे महत्वपूर्ण शैक्षणिक विषयों पर भी मार्गदर्शन किया। एनईपी बदलाव के साथ 10+2 के स्थान पर नवीन संरचना को शिक्षा में स्थान दिया गया, और पाठ्यक्रम में व्यापक बदलाव किए गए। इसमें कक्षा पहली से तीसरी तक व कक्षा 6 के पाठ्यपुस्तक को सीबीएसई के पैटर्न में बहुत ही मनोरंजक चित्रों, गतिविधियों से सुसज्जित कर बच्चों में ज्ञान, कौशल, रचनात्मकता, कल्पनाशीलता, तर्क, चिंतन, संस्कृति व सभ्यता को स्थान देकर राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के लिए थीम के आधार पर डिजाइन किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीईओ कामेश्वर बैरागी सहित सीमा त्रिपाठी, एबीओ सूर्यकांत जायसवाल, संगीता कोसरिया,पुष्पलता एक्का, अमरदीप शर्मा प्रेमलाल जायसवाल, धृकपाल पटेल, रविन्द्र चतुर्वेदी, राहुल भास्कर, संतोषी यादव, नीलेश तिवारी, अरुण बैष्णव, कल्याणी यादव, प्रतिभा ठाकुर, अनिल शर्मा, लवकान्त द्विवेदी, मनोरमा बर्मन, राजेन्द्र नामदेव, सतीश जायसवाल, प्रकाश शर्मा, संजीव कुर्रे सहित अन्य मौजूद रहे।

## श्री सर्वेश्वरी समूह ने वन क्षेत्र में किया कम्बल वितरण

### साल भर में अब तक बांटे जा चुके 432 कंबल



वन क्षेत्र में कंबल का वितरण करते समूह के सदस्य।

**बिलासपुर।** श्री सर्वेश्वरी समूह ने शनिवार को अचानकमार सीमा के अंदर लोरमी ब्लॉक खुड़ियि (छपरवा) क्षेत्र के ग्राम सारसडोल, सिवलखार एवं कोटा ब्लॉक के ग्राम करका बैगा पारा व नेवसा में कंबल, साड़ी व बच्चों को गरम कपड़ा का वितरण किया।

कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना के साथ की गई। इसके बाद श्री सर्वेश्वरी समूह सेंदरी शाखा के मंत्री उमेश नारायण मिश्रा ने समूह की ओर से देश भर में चलाए जा रहे रहे 19 सूत्रीय कार्यक्रम की जानकारियां दी। उन्होंने बताया कि, हर साल की तरह इस साल भी कड़ाके की ठंड को देखते हुए अचानकमार सीमा के अंतर्गत पहाड़ी दूरस्थ जंगलो में रहने वाले गरीब बैगा जनजातियों, असहाय पहाड़ी कोरवाओं परिवार के महिला-पुरुष व बच्चों को कंबल, साड़ी व गरम कपड़ों का वितरण किया गया। उन्होंने आगे बताया कि, युवा संगठन बिलासपुर ने प्रथम चरण में कोटा ब्लॉक के ग्राम बगधरा व गौरखुरी में बैगा जनजातियों के बीच 21 दिसंबर को 122 कंबल का वितरण किया। समूह की ओर से साल 2025 में अब तक 432 कंबल बांटे जा चुके है। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष राकेश दीक्षित, सदस्य संजय सराफ, संजय मालगे, अजय दुबे, अभिजित तिवारी, आंजल मिश्रा, भगवानदास, खेलावन राम ध्रुव, धर्मेन्द्र श्रीवास, आजूराम मरकाम, दिनेश विश्वकर्मा, कृष्णा तंबोली, शिव यादव, कृष्णकुमार पाण्डेय एवं महिला संगठन सदस्य आशा मिश्रा, अलका तिवारी, किरण दीक्षित, पूर्णिमा विश्वकर्मा व मधु मांडेय उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम में अचानकमार टाईगर रिजर्व के चीफ कंजरवेटर अभिषेक सिंह, रेंजर यादव व सरिता पैकरा का विशेष सहयोग रहा। अंत में परम पूज्य अघोरेश्वर व परम पूज्य गुरुपद संभव राम के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का समापन किया गया।



## गृहग्राम पौंसरा में रजनीश का किया गया स्वागत

**लगरा।** बेलतरा के पूर्व विधायक रजनीश सिंह जिला सरकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक बिलासपुर अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने के बाद गृहग्राम पौंसारा पहुंचे, जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया।

रविवार को रजनीश सिंह के निवास पर समाज के लोगों ने सम्मान समारोह का आयोजन कर शाल व श्रीफल के साथ गजमाला पहनाकर उनको सम्मानित किया। सम्मान समारोह में प्रहलाद यादव, रामनिवास शर्मा, श्रीकांत दुबे, सरित पटेल, मनीष सिंह, सतीश राज, सूरज सिंह, प्रशांत गौराह, गोकर्ण यादव, बबलू यादव, डेबिट बनर्जी, विकास लश्कर, ओम भार्गव, मुकेश सिंह, योगेश पटेल, आकाश सिंह, आनंद तिवारी, आशीष तिवारी, दीपक पटेल, कल्लू, नारायण सिंह यादव, विशाल पटेल, रितेश सिंह, हितेश सिंह, हितेश यादव, छोटू यादव, रविशंकर यादव, अंकित पटेल, राजेश्वर केवट, मनीष रजक, आदी श्रीवास, सूरज सूर्यवंशी, रितेश भार्गव, वीरू यादव, सहित अन्य उपस्थित रहे।

## उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए धीरज को 'देश रत्न' अवार्ड

**तखतपुर।** चौधरी चरण सिंह की जयंती पर दिल्ली में धीरज सिंह को 'देश रत्न' से सम्मानित किया गया। दिल्ली स्थित भारत मंडपम में सोमवार 23 दिसंबर को भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की जयंती पर अयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के तखतपुर के धीरज सिंह को केंद्रीय मंत्री रघुराज सिंह ने सम्मानित किया।

सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले सामाजिक कार्यकर्ता धीरज सिंह को कैरियर जोन एजुकेशनल सोसायटी के साथ मिलकर विगत 10 वर्षों से निरंतर मानव सेवा करने के लिए 'देश रत्न' अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें देश के केंद्रीय मंत्री रघुराज सिंह के कर-कमलों से प्रदान किया गया। धीरज सिंह ने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं एवं महिलाओं में शिक्षा, जागरूकता और आत्मनिर्भरता की अलख जगाने का कार्य किया है। उनके अद्वितीय और स्मरणीय योगदान से समाज में सकारात्मक बदलाव स्पष्ट रूप से देखा जा रहा है। सम्मान समारोह के दौरान केंद्रीय मंत्री रघुराज सिंह ने कहा कि, धीरज सिंह जैसे सामाजिक कार्यकर्ता समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं, जिनका समर्पण देश के सामाजिक विकास को नई दिशा देता है।



### स्व अटल की स्मृति में विस स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आज

**सीपत।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति को चिरस्थाई बनाने एवं उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी की ओर से अटल अमृत वर्ष विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह सम्मेलन सोमवार 29 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से मंगल भवन सीपत में आयोजित होगा। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अध्यक्ष रजनीश सिंह, पूर्व मंत्री डॉ कृष्णमूर्ति बांधी, तथा महापौर पूजा विधानी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे। यह जानकारी सीपत भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा ने दी।

## सुर सम्राट रफी की याद में 'सुरमई शाम' का आयोजन

### जीपीएम जिले के गायकों व संगीत प्रेमियों ने बिखेरा सुरों का जादू

**पेण्ड्रा।** जिला कला एवं संरक्षण मंच की ओर से सुर सम्राट मोहम्मद रफी की जयंती अवसर पर पेंड्रा में 'सुरमई शाम' का आयोजन किया गया, जिसमें मोहम्मद रफी के मधुर गीतों की प्रस्तुति देकर संगीत प्रेमियों ने उन्हें याद किया। कार्यक्रम में एक ओर जहां जिले की प्रतिभाओं को अपनी गायकी प्रस्तुत करने का मंच मिला, वहीं दूसरी ओर अतिथियों ने भी अपने सुरों से समां बांध दिया। कार्यक्रम में जिला कला एवं संरक्षण मंच के अध्यक्ष निर्माण जायसवाल, डॉ देवेंद्र पैकरा, संजय शर्मा, कुंज बिहारी तिवारी, संतोष सिंह, सोनिया रोहणी, पूजा केशरवानी, शैल गुप्ता, जय सोनी फुक्कु, विनय सूर्यवानी, प्रशांत कुशवाहा, अजीत दुबे, सत्यनारायण जायसवाल, आशुतोष तिवारी, समीर खान, अमित शर्मा, प्रतीक गुप्ता, राजू विश्वकर्मा, जगत कुमार, प्रतीक गुप्ता, दीपक तिवारी, एहतेशाम सिद्दीकी, कीर्ति खुसरो, प्रमोद शर्मा, नीरज जैन ने अपना सुरीली आवाज का जादू बिखेरा। मंच के सदस्यों ने कहा कि, इस तरह के आयोजन न केवल महान कलाकारों को श्रद्धांजलि हैं, बल्कि उनकी यादों को संजोने का माध्यम भी हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रमुख रूप से नपा अध्यक्ष राकेश जालान, इकबाल सिंह, आदित्य पांडेय, राकेश चतुर्वेदी, आदित्य पांडेय, नीरज जैन, अंबिका शर्मा, अखिलेश नामदेव, शरद अग्रवाल, सत्यनारायण जायसवाल, उज्जवल तिवारी, दीपक कश्यप, प्रशांत कुशवाहा, जन्मेजय सिंह राणा, संतोष साहू, संतोष तिवारी, रामनिवास तिवारी, मदन पांडे, ओम प्रकाश बंका, प्रशांत श्रीवास, विक्रांत सिंह ठाकुर, विवेक जायसवाल, मनीष श्रीवास, अरुण तिवारी, मनीष पाण्डेय सहित अन्य उपस्थित रहे।




## घासीदास जयंती पर पुलिस कॉलोनी में जागरूकता कार्यक्रम

**मुंगेली।** पुलिस कॉलोनी रावणभाठा में गुरु घासीदास जयंती पर जागरूकता कार्यक्रम एवं खेल-कूद के माध्यम से सामाजिक संदेश दिया गया। इस दौरान बच्चों और महिलाओं के लिए जलेबी दौड़, रंगोली प्रतियोगिता सहित अन्य मनोरंजक खेल आयोजित किए गए, जिनमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

- 'पहल' अभियान के तहत लोगों को किया गया जागरुक

पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल द्वारा चलाए जा रहे 'पहल' जागरूकता अभियान के अंतर्गत 27 दिसंबर को पुलिस कॉलोनी रावणभाठा में लगातार सातवें वर्ष गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में पुलिस परिवारों के बच्चों एवं महिलाओं की विशेष भागीदारी रही। इस अवसर पर सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने विभिन्न खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। बच्चों और महिलाओं के लिए जलेबी दौड़, रंगोली प्रतियोगिता सहित अन्य मनोरंजक खेल आयोजित किए गए, जिनमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर खेल और प्रतियोगिताओं के माध्यम से लोगों को साइबर अपराध से बचाव, नशे से दूर रहने, यातायात नियमों के पालन तथा नवीन कानूनों की जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सरल भाषा में समझाया गया कि, किस प्रकार जागरूक रहकर साइबर ठगी, ऑनलाइन फ्रॉड जैसी घटनाओं से बचा जा सकता है, साथ ही नशामुक्त जीवन अपनाने और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में गुरु घासीदास के विचारों मानवता, सत्य, अहिंसा और सामाजिक समरसता पर भी प्रकाश डाला गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि, ऐसे आयोजन पुलिस परिवारों के बीच आपसी सौहार्द्र बढ़ाने के साथ-साथ समाज में सकारात्मक सोच और कानून के प्रति जागरूकता पैदा करने में सहायक होते हैं। कार्यक्रम में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली कार्तिकेश्वर जांगड़े, पुलिस अधिकारी शत्रुहन खूंटे, बबीता श्रीवास, भुवन चतुर्वेदी, मनीष गेंदले, शिव शंकर गोयल, सामाजिक कार्यकर्ता जया गुप्ता की भूमिका रही।




## टीबी मुक्त अभियान के तहत मरीजों की जांच व उपचार

**दगोरी।** राष्ट्रीय छय रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत हिंदुस्तान लेटेक्स फेमिली प्लानिंग प्रमोशन ट्रस्ट प्रोजेक्ट शासक्ति द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 128 का एक्सरे तथा 28 की बलगम जांच कराई गई।मेडिकल आफिसर डॉ मंजुलता वर्मा ने मरीजों की जांच व उपचार भी किया।

इस दौरान मरीजों की बीपी, शुगर सहित अन्य जरूरी जांच की गई। साथ ही जरूरी सलाह के तहत टीबी के होने के कारणों निदान सावधानियों को भी बताया गया। आयोजन में ग्रामीण चिकित्सा सहायक शैलेंद्र श्रीवास्तव ने विशेष सहयोग प्रदान किया गया। इस अवसर पर टीबी सुपर वाइजर सरोजनी करियारे, बोधराम रत्नाकर, सेक्टर पर्यवेक्षक अल्मा केरकेट्टा, स्वास्थ्य संयोजक उमा मनहर, रोहित कौशिक, संस्था जिला समन्वयक अमित कुमार साहू, एक्सरे टेक्नीशियन राकेश साहू, कंप्यूटर वर्क ऋषभ साहू, स्टाफ नर्स प्रियंका लाश्कर, खिलेश्वरी मिरी, जितेंद्र बंधे, मितानिन ट्रेनर अलखनंदा सूर्यवंशी, दुलारी निर्मलकर, फूलवती घृतलहरे सहित मितानिन संतोषी कौशिक, शीतला देवी सन्नाट, मीना कौशिक, पुरनिमा रानी, माहेश्वरी, संतोषी, रूपा निषाद, सुशील, सावित्री बारले, धनेश्वरी, मीना टंडन, शीला नवरंग, तीजन साहू, जमुना, दुर्गा, अनिता यादव, समाज सेवी दशरथ सन्नाट एवं स्टाफ नर्स रवीना सोनवानी, प्रह्लाद कौशिक, राजकुमार ध्रुव, नीतू ध्रुव, परमेश्वरी कौशिक सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर**
**जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

क्रमांक/क/तह./वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 24/12/2025

ग्राम जूनाबिलासपुर के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम जूना बिलासपुर प.ह.न. 36 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 836/3 रकबा 0.30 एकड़ भूमि का रकबा संशोधन हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत अभिलेख दुरूस्ती हेतु आवेदक सत्य प्रकाश चतुर्वेदी पिता स्व. जी.एस चतुर्वेदी निवासी घनश्याम होम्स व्यापार विहार बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।

यदि किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 08/01/2026 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 24/12/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### चौकीदार से मारपीट कर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** चौकीदार से मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया गया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, भुकंप अटल आवास निवासी करन ध्रुव पिता स्व. कन्हैया ध्रुव घर के पास खम्भन भोई के निर्माणाधीन मकान साइड में चौकीदारी करते हैं। 27 दिसंबर को रात 2.30 बजे वे निर्माणाधीन मकान में चौकीदारी करते बैठे थे। इसी दौरान अचानक दो लोग आए और बड़ा चौकीदार बनता है कहते हुए गाली गलौज करने लगे, फिर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने करन ध्रुव की रिपोर्ट पर अज्ञात दो लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

**पालतू कुत्तों का निगम के पास डाटा ही नहीं** | 2017 में 7 हजार आवारा कुत्ते थे, दायरा बढ़ने के बाद संख्या 20 हजार के करीब पहुंची

# कुत्ते काटने के तीन हजार से अधिक मामले, सात साल से नसबंदी व टीकाकरण बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पालतू कुत्तों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होने के बावजूद नगर निगम के पास इसका कोई डेटा उपलब्ध नहीं है। नियमों के अनुसार, कुत्ता पालने की जानकारी निगम को देना आवश्यक है, लेकिन न तो कुत्ता पालने वाले मालिक यह जानकारी दे रहे हैं और न ही निगम प्रशासन इस पर कड़ाई कर रहा है।

सिम्स और जिला अस्पताल में प्रतिदिन करीब 20 डाग बाइट के मरीज पहुंच रहे हैं, जिनमें अधिकांश पालतू कुत्तों के काटने के शिकार होते हैं। ध्यान रहे कि वर्ष 2017 में निगम ने आवारा कुत्तों का सर्वे किया था, तब 7 हजार आवारा कुत्ते थे, लेकिन अब निगम का दायरा बढ़ गया है। निगम में 3 निकाय और 15 पंचायत भी जुड़ गए हैं। ऐसे में 20 हजार के आसपास आवारा कुत्ते होने का अनुमान है। यदि निगम सारे आवारा कुत्तों की नसबंदी औ टीकाकरण करेगा तो 1 करोड़ से अधिक खर्च होगा, लेकिन निगम के पास फंड नहीं है। आवारा और पालतू कुत्तों के हमलों ने शहरवासियों और नगर निगम दोनों के लिए चिंता बढ़ा दी है।




आंकड़ों के अनुसार, बीते तीन वर्षों में मनुष्यों को कुत्तों के काटने के तीन हजार से अधिक मामले सामने आए हैं। कुछ मामलों में एफआईआर भी दर्ज हुई थी इसके बाद भी लेकिन रजिस्ट्रेशन पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कुत्तों पर काम करने वाले मुन्ना कुमार के मुताबिक शहर में कुत्ता प्रेमी पिटबुल, राटवाइलर, जर्मन शेफर्ड, लैब्राडोर रिट्रीवर, डोबरमैन पिंशर, हस्कीगोल्डन रिट्रीवर जैसे नस्ल के कुत्ते पालते हैं।

### नसबंदी और टीकाकरण अभियान

नगर निगम के मुताबिक, शहर में प्रतिदिन आवारा कुत्तों की नसबंदी और रेबीज रोधी टीकाकरण किया जाता है। नसबंदी के बाद कुत्तों को तीन दिन तक डाग शेल्टर में रखकर उसी स्थान पर छोड़ दिया जाता है, जहां से उन्हें पकड़ा गया था। दूसरी ओर रिहायशी इलाकों, बाजारों और स्कूल-कालेज के आसपास डाग बाइट के मामले आम हो चुके हैं। इसके बावजूद रोक नहीं है। इस बारे में निगम का कहना है कि नसबंदी और पकड़ने के अभियान में कुछ पशुप्रेमी अड़ंगा डालते हैं, जिससे काम की रफ्तार प्रभावित होती है। इसके बावजूद निगम प्रतिदिन अभियान जारी रखे हुए है। नगर निगम के नियमों के मुताबिक, कुत्ता पालने के लिए मालिकों को अनुमति लेना जरूरी है, लेकिन अधिकांश लोग बिना रजिस्ट्रेशन के ही कुत्ते पाल रहे हैं। इनमें देशी के साथ-साथ विदेशी नस्लें भी शामिल हैं।

### हिंसक हो चुके हैं शहर के कुत्ते

देखा जाए तो धीरे-धीरे शहर कुत्ते हिंसक भी होते जा रहे हैं। इसका आकलन इसी से लगाया जा सकता है कि हर दिन लोगों को कुत्ते काट रहे हैं। रात के समय आलम यह हो गया है कि सड़क पर आने जाने वालों को कुत्ते दौड़ाने तक लगे हैं। इसकी वजह से कई बार सड़क दुर्घटना भी हो रही है। कई बार निगम ने कुत्तों को पकड़कर आसपास के जंगल में छोड़ने की कोशिश की है लेकिन, ये कुत्ते कुछ दिन में फिर शहर वापस आ जाते हैं। ऐसे में शहर से बाहर छोड़ने का भी कोई मतलब नहीं होता है और इनकी संख्या जस की तस बनी रहती है।

### संज्ञान लेकर हाईकोर्ट ने दिए थे निर्देश

सड़कों पर आवारा पशुओं और कुत्तों के उन्मुक्त विचरण एवं लगातार हो रही दुर्घटनाओं को लेकर हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य सचिव को नोटिस जारी किया था। पूछा गया था प्रदेश के अस्पतालों में क्या व्यवस्था की गई है। साथ ही सड़क पर आवारा घूम रहे मवेशियों की रोकथाम एवं आवारा कुत्तों के नसबंदी के लिए शासन स्तर पर उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी भी मांगी गई थी। हाईकोर्ट ने पूर्व में भी सड़क पर घूम रहे आवारा पशुओं के उन्मुक्त विचरण विशेषकर कुत्तों के काटने की लगातार घटनाओं को लेकर चिंता जाहिर की गई थी।

# रेलवे के पास जर्जर सड़कों को बनाने फंड नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लदान में अरबों रुपए कमाने वाले बिलासपुर रेल मंडल के पास अपने ही क्षेत्र की जर्जर सड़कों की मरम्मत करने के लिए फंड नहीं है, जिसके कारण रेल कर्मचारियों के साथ सड़क पर चलने वाले लोग काफी परेशान हो रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि गिरजा चौक से लेकर तितली चौक के बीच भारत माता स्कूल के अलावा गिरजा घर और बड़े-बड़े रेल अफसरों के बंगले हैं, इसके बाद भी रेल अफसरों की नजर कदम-कदम पर पड़ने वाले गड्ढों पर नहीं जा रही है।

बिलासपुर रेलवे स्टेशन एसईसीआर का जोनल स्टेशन है, जहां जोन और डिवीजन के अफसरों पर विशेष नजर रहती है। यह स्टेशन बिलासपुर जोन का महत्वपूर्ण स्टेशन इसलिए है, क्योंकि बिलासपुर से सबसे अधिक माल लदान का लक्ष्य पूरा करते हुए रेलवे बोर्ड को राजस्व दिया जाता है। इस स्टेशन पर प्रतिदिन 8 से 10 हजार यात्रियों का आना जाना होता है, जो हावड़ा-मुम्बई के अलावा बिलासपुर से दिल्ली और अन्य मेट्रो स्टेशन की ओर सफर करते हैं। शहर में रहने वाले लोगों के लिए स्टेशन की ओर जाने का रास्ता तारबाहर चौक और जगमल चौक से होकर निकलता है। रेलवे क्षेत्र में रहने वाले ज्यादातर रेल कर्मचारियों और उनके परिजन की हालत भी काफी खराब हो चुकी है। स्टेशन जाने वाली सड़क की हालत इस कदर खराब हो चुकी है, कि कदम-कदम पर गड्ढे.और धूल की वजह से गाड़ी की स्पीड भी 10 से अधिक तक नहीं पहुंच पाती है। सड़क को बनाने के लिए कई बार स्थानीय निवासियों के अलावा जनप्रतिनिधियों ने भी मांग रेलवे के अफसरों से की है, लेकिन उनकी बातों को सुनने के बाद अनसुना कर दिया जाता है।



रेलवे स्टेशन के साईं मंदिर के पास की जर्जर सड़क।

**यह सड़क है काफी खराब:** तारबाहर चौक से लेकर गिरजा चौक के बीच कंस्ट्रक्शन कालोनी के सामने बड़े-बड़े गड्ढे। गिरजा चौक से लेकर सोलापुरी मंदिर और तितली चौक तक अफसरों के बंगले के सामने गड्ढे.और धूल की स्थिति। सोलापुरी मंदिर चौक से लेकर स्टेशन मल्टी फंक्शनल काम्पलेक्स तक सांई मंदिर के पास बड़े गड्ढे। तितली चौक से लेकर रामायण चौक के बीच के सड़क की हालत जर्जर। जगमल चौक से लेकर जोन मुख्यालय चौक के बीच के सड़क की हालत जर्जर। तोरबा गुरुनानक चौक से लेकर सेन्ट्रल स्कूल और बुधवारी बाजार के सड़क की हालत खराब।

### निगम को परमिशन नहीं

रेलवे क्षेत्र में रहने वाले रेल कर्मचारी और उनके परिजन भी नगर निगम सीमा के अंतर्गत आते हैं। उनका आधार कार्ड से लेकर वोटर आईडी कार्ड, राशन कार्ड भी जिला प्रशासन और निगम प्रशासन से बनाया जाता है। रेलवे कालोनी के साथ क्षेत्र में रहने वाले रेल कर्मचारियों की शिकायत ज्यादातर रोड, नाली और बिजली को लेकर होती है, जिसे निगम प्रशासन भी ठीक कर सकता है। निगम इस स्थान पर काम भी करना चाहती है, लेकिन रेल प्रशासन निगम को अपने क्षेत्र में काम करने की भी परमिशन नहीं देता है।

### जो बना वो भी टूट गया

करीब चार माह पहले गिरजा चौक से लेकर तारबाहर की ओर जाने वाली सड़क, सिरगिट्टी, चुचुहियापारा की ओर रहने वाले रेल कर्मचारियों के आवास के सामने की सड़क को बनाने के लिए कुछ दिन पहले ही बिलासपुर रेल मंडल ने बजट सेंक्शन किया था। इस राशि के मिलने के बाद काम चलाऊ काम करते हुए सड़कों का डामरीकरण करते हुए मरम्मत कार्य किया गया था। वर्तमान में उन सभी सड़कों की हालत खराब हो चुकी है जहां डामर पूरी तरह से उखड़ गया।

### संबंधित विभाग से की जाएगी चर्चा

रेलवे क्षेत्र में जो भी कार्य किए जाते हैं, वह सारे कार्य मानक के अनुसार होते हैं। अगर सड़क की स्थिति काफी खराब हो गई है तो इस मुद्दे को लेकर संबंधित विभाग से चर्चा की जाएगी।

-अनुराग कुमार सिंह, सीनियर डीसीएम

### कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

**बिलासपुर।** तेज रफ्तार कार के चालक ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए हैं। उन्हें इलाज के लिए निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है।

कोनी टीआई भावेश शेंडे ने बताया कि रविवार की शाम 4 बजे मोपका सेमरताल बाइपास में बाइक क्रमांक सीजी 10 बीएल, 1957 में दो लोग सवार होकर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही कार क्रमांक सीजी 10 सीबी, 9029 के चालक ने तेज गति से चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं उनकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई है। सूचना मिलते ही डायल 112 मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को इलाज के लिए निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है।



# अशांति फैलाने वाले 26 बदमाश गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुलिस ने गुण्डागर्दी कर अशांति फैलाने वाले 26 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। एसएसपी रजनेश सिंह ने शहर में थर्टी फर्स्ट का जश्न शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए गुण्डागर्दी करने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करने का आदेश दिया है।

इसी क्रम में सिविल लाइन पुलिस ने अपने क्षेत्र में दबिश देकर गुण्डागर्दी कर अशांति फैलाने वाले रोहित कुमार पटेल पिता राजकुमार पटेल 24 साल मगरपारा, चंचल मेहरा पिता होरीलाल 32 साल कोड़ापुरी, जितेश नागदेव उर्फ जीतू पिता स्व. रामचंद्र नागदेव मसानगंज सिंधी कालोनी, संजय कोसले पिता स्व. रूपचंद कोसले 24 साल मगरपारा व कोनी पुलिस ने बाम्बे आवासपारा निवासी राकेश पाण्डेय पिता राजेश पाण्डेय 25 साल, प्रकाश ध्रुव पिता दीपक ध्रुव 25 साल को पकड़कर बीएनएस की धारा 170 के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है। देर रात तक सिविल लाइन पुलिस ने क्षेत्र में दबिश देकर गुंडागर्दी का अशांति फैलाने वाले 20 लोगों को पकड़कर गिरफ्तार कर लिया है।

# लोहे की रॉड टकराने से केंद्रीय मंत्री की कार का शीशा क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- चलती गाड़ी में टकराई राड, सभी सुरक्षित

केन्द्रीय राज्य मंत्री तथा बिलासपुर लोकसभा सांसद तोखन साहू शुक्रवार को अपने संसदीय क्षेत्र बिलासपुर से रायपुर होते हुए दिल्ली जाने के लिए प्रस्थान कर रहे थे।

इसी दौरान चंदेली (दामाखेड़ा) के समीप एक लोहे की रॉड चलती गाड़ी के सनरूफ, मिरर से टकरा गया, इससे वाहन का ग्लास क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के समय वाहन क्रमांक सीजी 04 एम 7200 में श्री साहू के साथ उनके निजी स्टाफ एवं सुरक्षा अधिकारी मौजूद थे। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, केवल वाहन का शीशा टूट गया।



घटना के उपरांत एस्कॉर्ट ड्यूटी में तैनात पुलिस बल द्वारा संबंधित लोहे की रॉड को जब्त कर लिया गया है। यह घटना आकस्मिक थी अथवा इसमें सुरक्षा व्यवस्था से जुड़ा कोई अन्य पहलू है, इसकी जांच की जाएगी। घटना के बाद श्री तोखन साहू एवं वाहन में सवार सभी लोग पूर्णतः सुरक्षित हैं।

# प्रेस क्लब के अजीत अध्यक्ष, संदीप सचिव

- विकास पैनल के सभी प्रत्याशियों की जीत

**बिलासपुर।** बिलासपुर प्रेस क्लब के चुनाव में विकास पैनल के सभी उम्मीदवारों ने 6 पदों एकतरफा जीत हासिल की है। त्रिकोणीय संघर्ष में अध्यक्ष पद पर अजीत मिश्रा तो सचिव पद पर संदीप करिहार सचिव निर्वाचत हुए हैं।



चुनाव के लिए राघवेंद्र राव सभा भवन स्थित प्रेस कार्यालय में सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक वोटिंग की गई। इस दौरान कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम ने शिक्षा विभाग के शिक्षकों और कर्मचारियों को चुनाव अधिकारी बनाया था। अध्यक्ष पद के लिए विकल्प पैनल के प्रत्याशी मदन सिंह को 35, आशीर्वाद पैनल के दिलीप यादव को 142 और विकास पैनल के अजीत मिश्रा को 204 वोट मिले। अजीत मिश्रा ने 62 वोटों से जीत दर्ज की। सचिव पद हेतु विकल्प पैनल के प्रवीण भट्टाचार्य को 26, आशीर्वाद पैनल के रवि शुक्ला को 163 और विकास पैनल के संदीप करिहार को 189 वोट मिले। इसी तरह सह सचिव के पद पर विकास पैनल के हरिकिशन गंगवानी, उपाध्यक्ष पद पर विकास पैनल के विजय क्रांति तिवारी निर्वाचित हुए। कार्यकारिणी सदस्य के पद पर भी विकास पैनल के कैलाश यादव ने जीत हासिल की। इसी तरह कोषाध्यक्ष पद पर विकास पैनल के किशोर सिंह ने जीत हासिल की। उल्लेखनीय है कि तीन माह पहले 19 सितंबर को हुए चुनाव में 130 नए सदस्य बना कर उनसे वोटिंग करवाने को लेकर रजिस्ट्रार फर्म्स एंड सोसाइटी ने चुनाव को निरस्त कर दिया था। वर्ष 2023 की मतदाता सूची के आधार पर निर्वाचन करवाने के निर्देश दिए थे। पुराना चुनाव रद्द होने के बाद आज रविवार को चुनाव कराया गया।

### एक युवक की संदिग्ध मौत, हत्या का आरोप

**बिलासपुर।** तीन दोस्तों ने साथ में बैठकर छककर शराब पी, एक युवक रात भर दोस्त के घर में सो गया। दूसरे दिन सुबह नहीं उठने व उल्टी करने पर उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई है। परिजन हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं। सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, बंगालीपारा के ओमप्रकाश श्रीवास उर्फ भोलू 26 दिसंबर की रात दोस्त मुक्तिधाम रोड स्थित गीता पैलेष त्रिवेणी नगर निवाी सेवक सिंह ठाकुर के घर गया। सेवक सिंह ठाकुर, नीरज बैठे थे। तीनों ने शराब पी। नीरज वहां से चला गया। सेवक सिंह ठाकुर, ओमप्रकाश श्रीवास वहीं सो गए। 27 दिसंबर को सेवक सिंह ठाकुर सोकर उठा और अपने काम पर चला गया। ओमप्रकाश वहीं सोया था। परिचित दीपक युवक को खोजते हुए सेवक सिंह के घर गए तो ओमप्रकाश श्रीवास लेटा हुआ था। परिजन उसे अस्पताल लेकर गए। जहां देर रात मौत हो गई है।




हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# आग से दो कर्मचारियों की मौत, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** फर्नीचर फैक्ट्री में लगी भीषण आग की चपेट में आने से दो कर्मचारियों की मौत हो गई थी। पुलिस ने जांच के बाद फैक्ट्री मालिक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

23 दिसंबर को दोपहर 3 बजे सिरगिट्टी सेक्टर बी स्थित मित्तल फर्नीचर फैक्ट्री में मोटर पंप चालू करने पर शार्ट सर्किट से भीषण आग लग गई थी। अंदर में काम कर रहे 6 कर्मचारी भाग रहे थे। भागते समय गिरने से तिफरा निवासी अभिजीत सूर्यवंशी की जलकर मौत हो गई थी। वहीं भवानी नगर निवासी रितेश शुक्ला गंभी रूप से झुलस गया था। उसे इलाज के लिए रायपुर ले जाया जा रहा था, किन्तु उन्होंने रास्ते में दम तोड़ दिया था। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुट गई थी। जांच में पाया गया फर्नीचर फैक्ट्री संचालक संजय मित्तल द्वारा भारी मात्रा में तारपीन का भंडारण तारपीन तेलसे भरे टेंकर मंगाकर बिना सुरक्षा उपकरण के मजदूरों से मोटर टुल्लू पंप का उपयोग कराते हुए प्लास्टिक के सिंटेक्स टंकी में अनलोड कराए जाने दौरान मोटर टुल्लू पंप में शार्ट सर्किट होने से आग लगने के कारण आग लगने से दोनों कर्मचारियों की जलकर मौत हुई थी। पुलिस ने जांच के बाद फैक्ट्री संचालक संजय मित्तल के खिलाफ बीएनएस की धारा 106, 1, 125 ए के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।